www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 08 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
30 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 06:01
सूर्यास्त: 06:22
अधिकतम: 36°00
न्यूनतम: 24°00



पेज 07
विशेष समाचार — व्रत और उपवास ... >> पेज 04 | 'इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट' ... >> पेज 06 | धुरंधर 2 की कमाई में मांगा ...

## जनता के कार्य में किसी प्रकार की रुकावट नहीं : योगी

# अफवाहबाज देश का कर रहे नुकसान : सीएम योगी

**कार्यक्रम**

### योगी बोले- गाड़ी में पेट्रोल है, तो लाइन क्यों लगाना, लोग लॉकडाउन की अफवाह फैला रहे



**665** नर्सिंग अधिकारियों को आज डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में सेवा को समर्पित नियुक्ति-पत्र वितरित किए।

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चयनित नर्सिंग अधिकारियों को जॉइनिंग लेटर बांटे। रविवार को यह कार्यक्रम लखनऊ के लोकभवन में हुआ। कुल 665 नर्सिंग अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें 345 पुरुष एवं 320 महिला अभ्यर्थी हैं।

सीएम योगी ने 20 अभ्यर्थियों को सीधे जॉइनिंग लेटर सौंपे। बाकी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन जॉइनिंग लेटर भेजे जाएंगे। इस मौके पर योगी ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी होती है, तो उसके परिणाम भी सबके सामने होते हैं। हमने 9 लाख अभ्यर्थी को सरकारी नौकरी दी। चयन प्रकिया पर विरोधी भी सवाल नहीं उठा सकता। नियुक्ति पारदर्शी होने से कोई दखल भी है। न्यायालय का भी दखल नहीं है। सीएम ने कहा- जीरो टॉलरेंस सिर्फ अपराध और अपराधियों के प्रति ही नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### जेवर एयरपोर्ट से 1 लाख को रोजगार मिलेगा

सीएम ने कहा- यूपी में कल सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाया है। हमारा राज्य सबसे बड़ा है, तो हम काम भी सबसे बड़ा करेंगे। एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। जेवर पहले प्रदेश का सबसे बड़ा अपराध का केंद्र था। शाम को वहां से कोई गुजरता नहीं था। आज निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बनाया है। वहां फिल्म सिटी बन रही है। सेमीकंडटर यूनिट का शिलान्यास भी उसकी के पास हुआ है। एक समय तेल के बिना जनता लाचार हो जाती थी, अब सेमीकंडक्टर के बिना लाचार हो जाती है।

### गड़बड़ी करने वालों क्या हालत करते हैं, किसी से छिपा नहीं

योगी ने कहा- 2017 से पहले ज्यादातर भर्ती बाधित थी। यूपी को 9 लाख मैनपावर मिलने से बीमारू राज्य को देश का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य के पास वेतन देने तक के पैसे नहीं होते थे, अब रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। आज हमारी प्रति व्यक्ति आय तीन गुना है। भर्ती परीक्षा में किसी तरह का दखल भी नहीं है। हर सप्ताह नियुक्ति पत्र वितरित किया जाता है। भर्ती आयोग पर शासन की तीसरी नजर रहती है। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं करे। कोई युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करे, उससे पहले ही उसे पकड़कर उसकी क्या हालत करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं।

### लॉकडाउन की अफवाह फैलाई जा रही

योगी ने कहा- दुनिया संकट में है, उथल-पुथल और संशय का माहौल है। तमाम देशों ने काम के घंटे कम कर दिए हैं। अमेरिका में भी पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। हमारे पड़ोसी देशों की भी हालत खराब है। लेकिन, भारत बिना रुके बिना चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी कम की है।

>> (शेष पेज 06 पर)





- सीएम ने कहा- हमारे काम का नतीजा है हर हफ्ते नियुक्ति पत्र बंटना
- योगी बोले- अखिलेश मुख्यमंत्री रहते नोएडा नहीं गए, आज पहुंच गए

## लाहौल स्पीति जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

### मध्यप्रदेश-राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट

**अलर्ट**



तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून । हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में रविवार दोपहर को बर्फबारी हुई। यहां के ऊंचाई वाले इलाकों में इसका असर रहा। राज्य के पहाड़ी वाले जिलों में बर्फबारी का असर रहेगा। हिमाचल के अलावा जम्मू-कश्मीर में भी बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज बारिश के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## महिलाओं को चौबिस हजार करोड़ दे रहे 4 चुनावी राज्य

### तमिलनाडु में समर पैकेज, असम में बिहू बोनस

**दांव**



- बंगाल में ममता ने सबसे बड़ा दांव लगाया

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । अगले महीने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से चार राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने जीत के कथित फॉर्मूले यानी कैश ट्रांसफर पर बड़ा दांव लगाया है। चारों राज्य महिलाओं के बैंक खाते में सीधे 24,500 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 94 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर इसी हफ्ते पहुंचेंगे, ईरान जंग पर पाकिस्तान में बैठक खत्म

# भारत आ रहे दो एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज पार किया


- ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग, सऊदी-तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे
- अमेरिका ने 3500 सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे

**सुरक्षा**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । भारत आ रहे दो LPG टैंकरों ने होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया है। इन जहाजों पर 94 हजार मीट्रिक टन LPG लदी हुई है। BW TYR और BW ELM नाम के इन जहाजों को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है। सरकार के मुताबिक, ये दोनों टैंकर इसी हफ्ते मुंबई पहुंच सकते हैं। इससे पहले 4 भारतीय झंडे वाले LPG टैंकर भी इस अहम समुद्री रास्ते को पार कर चुके हैं, जबकि 3 अन्य अभी पश्चिमी हिस्से में हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)




सरकार ने बताया कि कुल 18 भारतीय जहाज और 485 भारतीय नाविक अभी भी इस क्षेत्र में मौजूद हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है। देश की करीब 60% जरूरत आयात से पूरी होती है, जिसमें से 90% मिडिल ईस्ट से आता है।

### पाकिस्तान में क्यों हुई मीटिंग

पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना गया। यह मीटिंग पहले तुर्किये में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। पाकिस्तान इस समय किसी एक पक्ष में सीधे शामिल नहीं है, इसलिए उसे न्यूट्रल जगह माना जा रहा है। उसके ईरान और सऊदी अरब दोनों से अच्छे रिश्ते हैं, इसलिए बातचीत आसान है। तुर्किये और मिस्र जैसे देशों के साथ भी पाकिस्तान के संबंध ठीक हैं।

**फास्ट न्यूज**

### बिहार मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण विद्यार्थियों का जलवा

पटना। मैट्रिक परीक्षा 2026 में ग्रामीण क्षेत्रों का रिजल्ट काफी बेहतर रहा। टॉप-10 में शामिल 139 विद्यार्थियों में से मात्र एक छात्र राजधानी पटना के शामिल हैं। टॉपर में स्थान बनाने वाले औरंगाबाद से 14 और बेगूसराय 13 विद्यार्थी शामिल हैं।

**हमला | जंग**

### ईरान ने कुवैत के सैन्य शिविर पर दागी मिसाइल

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार कुवैत के सैन्य शिविर पर मिसाइल हमले किए गए है। कुवैत की सेना ने बताया कि एक सैन्य शिविर पर हुए मिसाइल हमले में 10 सैनिक घायल हो गए। इसके साथ ही इजरायल की कंपनी ADAMA का कहना है कि इजरायल के केमिकल प्लांट पर भी मिसाइल या उसके मलबे से हमला किया गया है। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। सक्रिय तत्वों और फसल सुरक्षा सामग्री बनाने वाली इजरायल की कंपनी ADAMA ने इस बात की जानकारी दी है।

### नेशनल हाईवे पर गाड़ी चलाना महंगा

नई दिल्ली। एक अप्रैल से नया वित्त वर्ष 2026-27 शुरू होने जा रहा है। इसके साथ ही कई नए नियम लागू होने जा रही है, जो वित्तीय और नियामकीय बदलावों से संबंधित हैं। इन बदलावों का उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान और सुगम बनाना है। हालांकि, कई वित्तीय बदलावों से आम आदमी की जेब पर बोझ भी बढ़ेगा।

## जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल डीजल का संकट : पीएम मोदी

### भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं

> सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। - पीएम मोदी



**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। पीएम मोदी बोले साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### पंजाब- बरनाला में जैक से उठाई जा रही बिल्डिंग गिरी

बरनाला । बरनाला में आज (रविवार) सुबह एक मकान गिरने से 3 लोग उसके मलबे में दब गए। इससे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये तीनों मकान में अंदर सोए हुए थे। इन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इनकी मौत की पुष्टि की। मलबा हटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटवाया। अधिकारियों ने 3 शव बरामद होने के बाद भी कई घंटे तक जेसीबी चलवाई, ताकि यदि कोई और भी मलबे में दबा हो तो उसे भी निकाला जा सके। बताया जा रहा है कि मकान की नींव धंस जाने के बाद उसे जैक से ऊपर उठाने का काम चल रहा था। जिन लोगों की मौत हुई है, वे इसी काम में लगे हुए थे। ये कुल 4 लोग थे, लेकिन एक व्यक्ति शनिवार शाम को ही घर निकल गया था, जिससे उसकी जान बच गई।

**रैली : लोकसभा चुनाव हारे अधीर रंजन को बहरामपुर से टिकट**

# बंगाल के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट, 284 नाम

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई । कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए रविवार शाम 284 नामों की लिस्ट जारी की। राज्य में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। लोकसभा चुनाव हारे अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। मालातीपुर से मौसम नूर को टिकट दिया गया है।

इधर, पीएम मोदी ने रविवार को केरल पहुंचे। उन्होंने यहां भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की। पलक्कड़ में पहली रैली की। इसके बाद वे त्रिशूर पहुंचे थे। यहां उनकी रैली 34 मिनट की थी। पलक्कड़ में पीएम ने कहा- दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ LDF, दूसरी तरफ UDF; एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस।

>> (शेष पेज 06 पर)



पीएम मोदी ने केरल के त्रिशूर में चुनावी रैली की।

> पीएम केरल में बोले- एलडीएफ यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी



# अखिलेश बोले-जिसने हमारा घर गंगाजल से धुलवाया, वो दर्द नहीं समझ सकते

# नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन बेचने के लिए किया : अखिलेश

**संबोधन**

तमसा संकेत, संवाददाता

नोएडा, लखनऊ। अखिलेश यादव ने रविवार को नोएडा के दादरी में समाजवादी समता भाईचारा रैली को संबोधित किया। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन पर उन्होंने तंज कसा कि यूपी के 7 में से 6 एयरपोर्ट बंद हो गए हैं। कम से कम यह वादा करते जाते कि उद्घाटन के बाद इसे बेचा नहीं जाएगा। लगता तो ऐसा है कि यह उद्घाटन ही बेचने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा- जिसने अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न की पीड़ा नहीं झेली, वो हमारे दर्द को नहीं समझ सकते। वो हमदर्दी तो



दिखा सकते हैं, लेकिन हमारा दर्द महसूस नहीं कर सकते। जो हमारे घर को गंगाजल से धुलवाने पर हमें हुआ था। इससे पहले, अखिलेश ने 9वीं सदी के गुर्जर-प्रतिहार वंश के सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गंगाजल से उनकी प्रतिमा का शुद्धिकरण किया। इस रैली को सपा के 2027 विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज माना जा रहा है। दरअसल, पश्चिमी यूपी में गुर्जर समुदाय काफी प्रभावशाली माना जाता है। गाजियाबाद, नोएडा, दादरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, संभल, कैराना जैसी करीब 24 सीटों पर 20 से 70 हजार तक गुर्जर वोट हैं। अब तक यह भाजपा का साथ देता आया है। अब सपा इस गठजोड़ में सेंधमारी करना चाहती है। जेवर के एयरपोर्ट को किसी ने एनओसी दिलाने का काम किया था, तो वह समाजवादी पार्टी थी। उसी का परिणाम है कि आज यहां पर एयरपोर्ट बना। आगे हम लोग बाजार के रेट से किसान भाइयों की जमीन लेकर उनका सम्मान करने का काम करेंगे।

### बदलाव लाना होगा, साल लगे या सदी हम पीछे नहीं हटेंगे

PDA के लोग जानते और महसूस करते हैं कि उनके साथ भेदभाव, तिरस्कार होता है। समय-समय पर उनका सम्मान छीना जाता है। हमें बदलाव लाना होगा। इसके लिए साल लगे या सदी, हम पीछे नहीं हटेंगे। 5% लोग 95% लोगों का शोषण करके अधिकारों से वंचित करने का काम कर रहे हैं।

**अखिलेश ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में कभी नहीं रही। क्योंकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के तहत जो आरक्षण है, वो उनके एजेंडे में कभी नहीं रहा। इसीलिए सरकारी नौकरी नहीं देते, पेपर लीक कराते हैं।**



### संविधान तब तक खतरे में रहेगा, जब तक भाजपा है

बाबा साहब हमें कागज का ऐसा दस्तावेज देकर गए हैं, जो लोहे की तलवार से ज्यादा मजबूत है। चाहे जितनी भी रुकावट आए, हम लोग गैर-बराबरी खत्म करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। PDA के लिए संविधान की रक्षा जीवन-मरण का विषय है। जो 400 सीटें जीतकर संविधान बदलने की साजिश कर रहे थे, वो 2024 में हार कर अंडरग्राउंड हो गए हैं, लेकिन संविधान तब तक खतरे में रहेगा, जब तक भाजपा है।

> सपा प्रमुख ने कहा मंदिर जाने पर मंदिर धुलवाने पर हमने यह दर्द महसूस किया था। हम उन नकारात्मक लोगों को मिटाना नहीं चाहते, बस समझाना चाहते हैं। अब दौर बदल गया है। अभी समय है- चालबाजी छोड़ दें, भेदभाव छोड़ दें। भविष्य उनका नहीं है। नहीं तो आज उनके झंडे उतर गए हैं, कल सत्ता के सिंहासन से भी उतार दिए जाएंगे।

### नोएडा के विकास में समाजवादियों का योगदान कोई भूल नहीं सकता

हम सब लोगों ने वह लड़ाई लड़ी थी, जब दूसरे लोग हमारे इतिहास, हमारे सम्राट को भी छीनना चाहते थे। 2027 में सरकार बनाइए, राजधानी लखनऊ में तमाम PDA महापुरुषों के योगदान को याद दिलाने के लिए हम रिवर फ्रंट पर प्रतिमा लगाएंगे। इस नोएडा के विकास के लिए समाजवादियों का योगदान कोई भूल नहीं सकता। ये केवल रैली नहीं, आह्वान भी है कि आने वाले समय में सामाजिक न्याय के राज को लाने के लिए हम PDA के लोग मिलकर सरकार बनाने जा रहे।

### जो कल रैली हुई थी उसकी तो पोल हमारे बहुत लोगों ने खोल दी

अखिलेश ने कहा- जो कल रैली हुई थी, उसकी तो पोल हमारे बहुत लोगों ने खोल दी है। कोई कैमरे से नहीं बच सकता। जो पार्टी अपने आप को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बोलती है, उन्हें अपने सरकारी कर्मचारियों का सहारा लेना पड़ा। अब भाजपा की उत्तर प्रदेश से छुट्टी तय है। इसके बाद दिल्ली से भी छुट्टी होना तय है। हम लोग तो 10 साल से सरकार में नहीं हैं। कम से कम अपनी छोटी वाली एटीएम का तो हिसाब-किताब कर लेते। इस एटीएम ने पूरी दुनिया को परेशान किया होगा।

**फास्ट न्यूज**

### इकाना स्टेडियम में आईपीएल 2026 के मैच शुरु होने तीन घंटा पहले खोले जाएंगे प्रवेश द्वार

लखनऊ। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को बड़ी शोहरत देने वाली लीग आइपीएल के 19वें में संस्करण में एक अप्रैल से लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में हाई वोल्टेज मुकाबले होंगे। इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन देगी योगी सरकार

लखनऊ। आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन व ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण वितरित करेंगे। इसके साथ ही नियुक्ति पत्र बांटकर रोजगार को गति देने और प्रदेश अलग-अलग जिलों की परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास से बुनियादी ढांचे को भी मजबूती दी जाएगी। ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस में स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर-चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं।

### राजधानी में खाली सिलेंडर लेकर थाने पहुंचा पुजारी

बख्शी का तालाब। लखनऊ के इटौंजा थाना समाधान दिवस में शनिवार को एक अनोखा मामला सामने आया। अकड़रिया कलां गांव के शिव मंदिर के पुजारी सतीश कुमार खाली गैस सिलेंडर लेकर सीधे थाने पहुंचे। पुजारी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले चार दिनों से भारत गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं।

## आकिब के तूफानी शतक से यूपीडब्लूजे की रोमांचक जीत

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। चिनहट सतरिख रोड स्थित सराय शेख मैदान पर रविवार को खेले गए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में यूपीडब्लूजे ने द एआरवी को 6 रन से शिकस्त दी। मैच के हीरो रहे सलामी बल्लेबाज आकिब मेराज खान, जिन्होंने अपनी शतकीय पारी से दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं गेंदबाजी में अमित सक्सेना के स्पेल ने हारी हुई बाजी पलट दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपीडब्लूजे की ओर से आकिब ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बारिश करते हुए मात्र 62 गेंदों पर 106 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 15 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। वहीं मध्यक्रम में समीर कंकी (14), अखिल (14) और अंत में आयुष गुप्ता (13 नाबाद) के छोटे मगर उपयोगी योगदान की बदौलत यूपीडब्लूजे ने निर्धारित 20 ओवरों में 175/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। द



एआरवी की ओर से आयुष पांडे सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 विकेट झटके। जवाब में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी द एआरवी की टीम ने सकारात्मक शुरुआत की। अमित यादव और आयुष मिश्रा ने पहले विकेट के लिए 26 रन जोड़े। हालांकि, मध्यक्रम में अखि सिंह (47 रन, 24 गेंद) और शुभम 23 रनों की पारी से मैच को एक समय यूपीडब्लूजे की मुट्ठी से लगभग निकाल लिया था। जब मैच रोमांचक मोड़ पर था, तब कप्तान विश्वदेव ने गेंद अमित सक्सेना को थमाई। अमित ने शानदार वापसी करते हुए द एआरवी के महत्वपूर्ण विकेट 4 विकेट चटकाए और मैच का रुख मोड़ दिया।

## बोले- डॉक्टर हमारी फीलिंग की जांच कैसे करेंगे, ट्रांस संशोधन बिल वापस लो

# एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय सड़कों पर उतरा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में LGBTQIA (लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्सुअल, असेक्सुअल) समुदाय के करीब 500 लोगों ने ट्रांसजेंडर पर्सन्स अमेंडमेंट बिल-2026 के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। 'काला बिल वापस लो', 'मेरी बॉडी, मेरी मर्जी' के नारे लगाए। बेगम हजरत महल पार्क से विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें पार्क के पास ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनका अगला प्रदर्शन 6 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में होगा। यहां उन्होंने ट्रांस संशोधन बिल का विरोध




करते हुए कहा- डॉक्टर अगर हमारी जांच कर ट्रांस निर्धारित करेंगे तो किसकी-किसकी जांच करेंगे? सेक्स सबके पास है, फीलिंग अलग-अलग है। हम सेक्स के आधार पर नहीं बल्कि फीलिंग से ट्रांस हैं। ट्रांस बिल में संशोधन को हम नहीं मानते। इसमें कहा गया है कि जो लोग अपनी यौन अभिवृत्ति (सेक्सुअल ओरिएंटेशन) या अपनी पहचान (जेंडर आइडेंटिटी) को खुद महसूस करते हैं, उन्हें ट्रांसजेंडर नहीं माना जाएगा। इसे ऐसे भी समझ सकते हैं कि अगर कोई व्यक्ति अपनी यौन अभिवृत्ति या जेंडर आइडेंटिटी को खुद तय करता है, तो उसे ट्रांसजेंडर नहीं माना जाएगा।

### 'हमें हिजड़ा समुदाय में नहीं जाना'

प्रदर्शन कर रहे शुभम अग्रहरि उर्फ सुरभि ने कहा नए बिल के हिसाब से हमें नंगा करके देखा जाएगा कि हम मेल हैं या फीमेल। पहले साइकैटरिस्ट हमें मेंटली प्रूफ करते थे। अब नए बिल के हिसाब से हम कपड़े उतारकर अपना दिखाएंगे और बताएंगे कि मेल हैं? ये बहुत गलत है। हम NALSA के जजमेंट को नहीं मान रहे हैं। हम आगे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

इस बिल से थर्ड जेंडर के लोग तनाव में हैं। हम लोगों को हिजड़ा कम्युनिटी में नहीं जाना है तो जबरदस्ती क्यों भेजा जा रहा है। हमें ताली बजाकर भीख नहीं मांगना है। हम अपनी बॉडी से संतुष्ट नहीं है इसलिए सर्जरी करवाते हैं। हमारे बहुत सारे लोग आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। महिला को पुलिस प्रोटेक्श है, हमें तो पुलिस अभी प्रताड़ित करती है।



### 'बिना बात या सुझाव के बिल संशोधन किया'

प्रदर्शन में लखनऊ के भरोसा ट्रस्ट के मैनेजर जतिन भी शामिल हुईं। यह ट्रस्ट LGBTQIA समुदाय के लिए काम करता है। जतिन ने कहा- बिना बात किए या सुझाव लिए ही ट्रांसजेंडर बिल-2019 में संशोधन कर दिया गया। इसमें हमारे प्रतिनिधियों को बुलाया भी गया तो उनसे ऐनवक्त पर मिलने से मना कर दिया गया।

इनकी पर्सनल सेक्रेटरी से जब पूछा गया कि बिल में संशोधन के लिए आपको किन-किन बिंदु पर पूछने की जरूरत है तो उन्होंने कहा कि हमें इसकी जरूरत नहीं है।

## 3 साल में 45 लाख रुपए का नुकसान, अमौसी एयरपोर्ट के पास लगे हैं होर्डिंग

# लखनऊ नगर निगम नहीं वसूल रहा विज्ञापन फीस

**एयरपोर्ट के आसपास नगर निगम के होर्डिंग लगे हैं। इन पर कब विज्ञापन लगते हैं, कब हटते हैं, न इसका पता है और न ही कोई शुल्क वसूली होती है।**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम अमौसी एयरपोर्ट के पास लगे होर्डिंग से विज्ञापन फीस नहीं वसूल रहा है। इससे उसे 3 साल में करीब 45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अब इन कॉमर्शियल होर्डिंग से वसूली की तैयारी है। नई विज्ञापन



गाइडलाइन आने के बाद अब नगर निगम ऐसी वसूली बढ़ाने की कोशिश में है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी इसके लिए निर्देश दिए हैं।

एयरपोर्ट के पास ग्राउंड पर लगी होर्डिंग और बैनर से नगर निगम वसूली करेगा। इसको लेकर अधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार की तरफ से अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव से कहा गया कि जो ग्राउंड पर होर्डिंग लगी हैं, उनके जिम्मेदारों से वसूली की जाए। इसपर अपर नगर आयुक्त ने हामी भरी है। एयरपोर्ट के आसपास नगर निगम के होर्डिंग लगे हैं। इन पर कब विज्ञापन लगते हैं, कब हटते हैं, न इसका पता है और न ही कोई शुल्क वसूली होती है।



### दावा बॉयलाज के हिसाब से सही होर्डिंग

आउटडोर एडवरटाइजिंग एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक चंद्रा ने बताया कि हम लोग प्राइवेट लैंड पर यूनीपोल बनाते थे। नगर निगम को लेटर देते थे। ये डिमांड में शामिल कर लेते थे। अब ये हर साल डिमांड में शामिल कर, इसे कैंसिल कर देते हैं। कई लोगों ने निगम को पैसा दिया तो उसे कैंसिल कर उसे दूसरे होर्डिंग में उसके एडजस्ट कर दिया। इसका कारण पूछने पर नगर निगम की तरफ से बताया गया कि एयरपोर्ट प्रशासन से एनओसी नहीं ली गई। इसपर उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट अथारिटी से एनओसी रूफ टॉप और लाइट वाले होर्डिंगों में लेनी होती है न कि सामान्य होर्डिंग में। हमारा यह दोनों नहीं है। यह बॉयलाज के हिसाब से सही है। इसे परमिट दी जानी चाहिए क्योंकि इससे अब 45 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर अब 10 रुपए में मिलेगा नाश्ता

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 'उड़ान यात्री कैफे' का ऑनलाइन उद्घाटन किया। यह कैफे टर्मिनल-3 के चेक-इन हॉल में शुरू हुआ है। कैफे में यात्रियों को 10 रुपये से नाश्ता और पेय पदार्थ उपलब्ध होंगे। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री नायडू ने कहा कि यह पहल हवाई यात्रा को अधिक सुलभ, किफायती और आम नागरिक के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत शुरू किया गया यह कैफे यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि उन्हें उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य-पेय सामग्री मिल सके। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता के



**सरकार के किफायत बढ़ाने के मिशन के अनुरूप**

अनुसार, 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत से यात्रियों को हवाईअड्डे पर किफायती दरों पर नाश्ता, पेय पदार्थ और अन्य खाद्य सामग्री मिलेगी, जिससे उनका यात्रा अनुभव बेहतर होगा। उन्होंने इस पहल को सरकार के किफायत बढ़ाने के मिशन के अनुरूप बताया। गौरतलब है कि चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के संचालन और विकास का कार्य लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) देख रही है, जो अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है।

**निर्देश :** 2.24 लाख किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन, मिलेगा नया समर्थन मूल्य

# यूपी में आज से शुरू होगी गेहूं खरीद

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए सरकार के प्रयास को किसानों का साथ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। गेहूं खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। किसानों को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में अब तक 3574 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है।

क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी सूरत में परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौसम को देखते हुए उनके लिए छाया, पानी व बैठने समेत हर जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। किसानों ने इस साल काफ़ी अच्छी फसल तैयार की है। इसके लिए कृषि विभाग ने उन्हें पर्याप्त मात्रा में बीज भी उपलब्ध कराए थे। सरकार ने निर्देशित किया है कि पर्याप्त मात्रा में खरीद कर ली जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार का नुकसान न उठाना पड़े। खाद्य व रसद विभाग ने 30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे 50 लाख मीट्रिक टन किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किसानों को भुगतान के भी निर्देश दिए हैं।

**गेहूं खरीद 30 मार्च से 15 जून तक चलेगी।**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति कुंतल निर्धारित।**

**2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया।**

### किसान यहां करा सकते हैं पंजीकरण

जिन किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अभी तक पंजीकरण या नवीनीकरण नहीं कराया है, वे fcs.up.gov.in या UP KISAN MITRA पर पंजीकरण-नवीनीकरण करा सकते हैं। गेहूं बिक्री के लिए इस पोर्टल/मोबाइल ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य है। गेहूं बिक्री के दौरान यदि कोई समस्या होती है तो किसान टोल फ्री नंबर 18001800150 पर जानकारी दे सकते हैं। इसका निस्तारण अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित कराई जाएगी।

### 6500 क्रय केंद्रों से होगी खरीद, अब तक 3574 स्थापित


प्रदेश में खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा 6500 क्रय केंद्र स्थापित होंगे। योगी सरकार के निर्देश पर तेजी से कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं। गेहूं खरीद सोमवार से प्रारंभ होगी, लेकिन इसके पहले ही प्रदेश में 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर लिए गए हैं।

# लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का हिस्सा खुला

## डेढ़ किलोमीटर मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू, नीचे की रोड सूनी

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में शनिवार को लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा अनौपचारिक रूप से यातायात के लिए खोल दिया गया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। मार्ग पर वाहन फर्राटा भरते नजर आए, जिससे नीचे कानपुर रोड पर यातायात अचानक कम हो गया। नीचे की सड़क पर सन्नाटा जैसा माहौल देखा गया। यह निर्णय निर्माण एजेंसी पीएनसी के अधिकारियों द्वारा लिया गया। दरअसल, स्कूटर इंडिया चौराहे के पास एलिवेटेड रोड को जोड़ने के लिए लगाए गए गर्डर को हटाने का कार्य चल रहा था। इस दौरान नीचे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। एलिवेटेड मार्ग के चालू होने से निर्माण कार्य में तेजी आई है, और स्थानीय लोगों में परियोजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



### शनिवार शाम से दे दी गई अनुमति

शाम करीब चार बजे के बाद सरोजनी नगर थाने के पास से एक ओर और स्कूटर इंडिया पेट्रोल पंप के पास से दूसरी ओर एलिवेटेड मार्ग पर वाहनों को जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद अधिकांश वाहन ऊपर से गुजरने लगे, जिससे नीचे कानपुर रोड पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई दिए।

## टांडा में शंकराचार्य का आगमन, गोवर्धनपुर में चरण पादुका पूजन, गोमाता और नीतियों पर उठाए सवाल



# धर्मयुद्ध यात्रा का ऐलान

**घोषणा**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। टांडा क्षेत्र के गोवर्धनपुर में शनिवार रात स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन हुआ। वह ज्योतिर्मठ उत्तराखंड के वित्त विभाग प्रमुख मदन मोहन उपाध्याय के आवास पर ठहरे। रविवार सुबह यहां चरण पादुका पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

संतों की भूमिका पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दो प्रकार के संत दिखाई दे रहे हैं। एक वे जो सत्ता के करीब हैं और दूसरे वे जो समाज के मुद्दों पर बोलते हैं। उन्होंने खुद को दूसरे वर्ग में बताते हुए कहा कि साधु समाज का दायित्व है कि वह जनता के पक्ष में सवाल उठाए और अन्याय के खिलाफ आवाज रखे। शंकराचार्य ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में किए गए हालिया संशोधनों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत पर एकतरफा कार्रवाई की व्यवस्था उचित नहीं है। उनके अनुसार, ऐसी स्थिति में आरोपित व्यक्ति पर ही आरोप गलत साबित करने का दबाव बढ़ता है, जो न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। गोवर्धनपुर में हुए कार्यक्रम के दौरान चरण पादुका पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम के बाद शंकराचार्य आगे की यात्रा के लिए रवाना हुए।



### स्वामी रामभद्राचार्य विवाद पर प्रतिक्रिया

स्वामी रामभद्राचार्य से जुड़े विवाद पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन संतों का उद्देश्य समाज को दिशा देना होना चाहिए। उनके अनुसार, केवल सत्ता के समर्थन में खड़े रहने से धर्म और समाज का हित नहीं होता।

**शंकराचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पहले 40 दिन का समय दिया गया था, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि गोमाता की सुरक्षा सभी के लिए जरूरी है और इस विषय पर किसी भी स्तर पर उदासीनता स्वीकार नहीं की जा सकती।**



### धर्मयुद्ध यात्रा की घोषणा

मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन मई से 23 जुलाई तक प्रदेश भर में धर्मयुद्ध यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गोमाता के संरक्षण और उससे जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज और शासन का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित करना है।

# जलालपुर में अतिक्रमण पर कार्रवाई ग्राम सभा की भूमि खाली कराई गई

## अरई गांव में प्रशासन की मौजूदगी में हटाया कब्जा, पार्क निर्माण का प्रस्ताव

तमसा संकेत, एजेंसी

अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अरई में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की। राजस्व और पुलिस टीम की मौजूदगी में गाटा संख्या 888 की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। उपजिलाधिकारी के अनुसार, मामले में तहसीलदार न्यायालय ने पहले ही बेदखली का आदेश पारित किया था। यह आदेश 10 अक्टूबर 2024 का था, जिसका पालन 29 मार्च 2026 को मौके पर कराया गया। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत वाद दर्ज था। अतिक्रमणकर्ता ने इस भूमि को नियमित कराने के लिए उपजिलाधिकारी न्यायालय में भी वाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान इसे पोषणीय न मानते हुए 15 अप्रैल 2025 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका भी 8 अक्टूबर 2025 को खारिज हो चुकी है।




इन सभी आदेशों के आधार पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया। कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण को हटाकर भूमि को ग्राम सभा के कब्जे में लिया गया। साथ ही संबंधित व्यक्ति से क्षतिपूर्ति और खर्च की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। प्रशासन ने बताया कि खाली कराई गई भूमि को सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। यहां चिल्ड्रन पार्क बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे स्थानीय लोगों, खासकर बच्चों को उपयोगी स्थान मिल सकेगा। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें और ऐसी किसी भी जानकारी को प्रशासन तक पहुंचाएं।

**फास्ट न्यूज**

### तमसा तट पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अंबेडकरनगर। शहर के तमसा नदी तट प्रांगण में शनिवार से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ। कार्यक्रम का आयोजन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से किया गया। प्रथम दिवस पर कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने कथा का माहात्म्य विस्तार से बताया।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि वेद और पुराण भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर हैं।

### माधवपुर में दो घरों में चोरी, लाखों का सामान पार

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के माधवपुर गांव में शनिवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी कर ली। एक ही रात में दो वारदात सामने आने से इलाके में भय का माहौल है और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। माधवपुर टेकनपुर निवासी यशवंत वर्मा के घर चोर छत के रास्ते अंदर घुसे। कमरे में रखी अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवर और करीब साढ़े चार लाख रुपये नकद चोरी कर ली। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### शहजादपुर की सब्जी मंडी अतिक्रमण मुक्त

अंबेडकरनगर। शहजादपुर की सब्जी मंडी को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया है। नगर पालिका अकबरपुर की कार्रवाई के बाद बाजार को बनगांव रोड स्थित नए स्थल पर शिफ्ट किया गया। इससे क्षेत्र में लंबे समय से बनी जाम की समस्या में राहत मिली है। काफी समय से मंडी क्षेत्र में सड़क के बीच ठेले लगने से आवागमन बाधित रहता था।

# जनपद में सुना गया 'मन की बात' का 132वां एपिसोड

## 1478 बूथों पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को रविवार को जिले भर में सुना गया। भाजपा संगठन की ओर से बूथ स्तर पर इसका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संयोजन में हुआ।

भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने विधानसभा टांडा के सुलेमपुर बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों को लेकर चिंता जताई है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। कार्यक्रम में बताया गया कि मार्च माह में विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष की स्थिति बनी रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परिस्थितियों से निकलकर दुनिया आगे बढ़ेगी। साथ ही ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव का भी जिक्र किया गया। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से एकजुट रहने और ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह देश के व्यापक हित से जुड़ा विषय है।



**वैश्विक हालात पर प्रधानमंत्री की चिंता का जिक्र**

# मेढवा रघुवंशी और पूरेदबार में 7.43 करोड़ से होगा निर्माण

## अंबेडकरनगर में दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मंजूरी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में दो नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। कुल 7.43 करोड़ रुपये की लागत से यह निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेढवा रघुवंशी के निर्माण पर 3.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, पूरेदबार में बनने वाले केंद्र के लिए 3.73 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दोनों परियोजनाओं के लिए बजट जारी होने के बाद निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय ने इस स्वीकृति पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर मरीजों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इन केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को भी बेहतर किया जा सकेगा। जिले में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार नई परियोजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। इन दो केंद्रों के निर्माण को इसी क्रम में अहम कदम माना जा रहा है।



**स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दोनों केंद्रों के निर्माण के बाद क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का दायरा बढ़ेगा। इससे आसपास के गांवों को सीधे लाभ मिलेगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद समयबद्ध तरीके से इसे पूरा कराने की योजना है।**

# आलापुर में बिजली चोरी पर सख्ती, मॉर्निंग रेड में कार्रवाई

**अभियान**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र में रविवार सुबह विद्युत विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने मूसेपुर और बर्बसापुर गांव में मॉर्निंग रेड की। चेकिंग के दौरान एक दर्जन से अधिक लोग अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते मिले। सभी के खिलाफ संबंधित थाने में विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। विभाग ने मौके पर ही कनेक्शन और लाइन की जांच भी की।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जहां भी अवैध बिजली प्रयोग मिलेगा, वहां मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



**मूसेपुर और बर्बसापुर में एक दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज**

उन्होंने उपभोक्ताओं से नियमित कनेक्शन लेकर ही बिजली उपयोग करने की अपील की।

अभियान में उपखंड अधिकारी कुमार अनिकेत, अवर अभियंता अनिल वाल्मीकि, दीपक, कुंवरदीप, रमाकांत और राजेश सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना कनेक्शन बिजली प्रयोग करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल, किसानों की सुविधा पर जोर


# 30 मार्च से गेहूं खरीद शुरू 73 क्रय केंद्र तैयार

**समीक्षा**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत 30 मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी। इस बार समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। प्रशासन ने खरीद के लिए 73 क्रय केंद्र तैयार किए हैं।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। क्रय केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को केंद्र से लौटाया नहीं जाएगा और उसकी उपज की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। गेहूं का मूल्य सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में भेजा जाएगा। इसके लिए खाते का आधार से लिंक और सक्रिय होना जरूरी है। संयुक्त भूमि की स्थिति में हिस्सेदारी सही दर्ज करने को कहा गया है। किसी भी समस्या पर किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में बने कंट्रोल रूम नंबर 9450531906 और 9838208524 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने कहा कि अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### बिचौलियों पर सख्ती, पंजीकरण अनिवार्य

बैठक में निर्देश दिया गया कि गेहूं खरीद में बिचौलियों की भूमिका किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। सभी किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in या यूपी किसान मित्र के माध्यम से पंजीकरण कराने को कहा गया है। खरीद ई-पॉप मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर होगी।

> **प्रत्येक केंद्र पर छांव, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र और अन्य उपकरण उपलब्ध रखने को कहा गया है। मंडियों में केंद्र ऐसे स्थान पर स्थापित करने को कहा गया है, जहां किसानों की सीधी पहुंच हो।**

# जिला अस्पताल परिसर में युवक का शव फंदे से लटका मिला

## कमरा न खुलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा, पुलिस ने शुरू की जांच

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल परिसर में रविवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान 29 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है। वह जिला अस्पताल में तैनात सीनियर वार्ड मास्टर बांके प्रसाद के पुत्र थे। घटना अस्पताल परिसर में स्थित आवास के एक कमरे की है।

परिजनों के अनुसार, पवन शनिवार रात भोजन के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोगों को शक हुआ। आवाज देने के बाद भी प्रतिक्रिया न मिलने पर खिड़की से देखा गया, जहां पवन का शव पंखे से लटका हुआ मिला।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। मौके की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

बताया गया कि पवन कानपुर में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था और शुक्रवार को ही घर लौटा था। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अकबरपुर में साइबर अपराध से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। साइबर क्राइम पुलिस थाना की ओर से शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय अकबरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में बताया गया कि टेलीग्राम, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर टास्क पूरा कर पैसे कमाने के झांसे में न आएं। ऐसे मामलों में लोगों से रुपये जमा कराए जाते हैं और बाद में संपर्क बंद कर दिया जाता है। क्रिप्टो करेंसी या बिटकॉइन में कम समय में अधिक मुनाफे का लालच भी ठगी का माध्यम बन रहा है। पुलिस टीम ने कहा कि पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ओटीपी, बैंक डिटेल या कार्ड जानकारी साझा न करें। खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डर दिखाने वाले कॉल से सतर्क रहें। फर्जी बैंक मैसेज या लिंक के जरिए पैसे जमा कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। छात्रों को लोन ऐप डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता जांचने की सलाह दी गई। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने या रिवार्ड प्वाइंट के नाम पर किसी को जानकारी न देने को कहा गया। अंजान नंबर से आने वाली वीडियो या ऑडियो कॉल से भी सावधानी बरतने को कहा गया। पुलिस ने बताया कि किसी भी संदिग्ध .apk फाइल पर क्लिक न करें। खाते से धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें और cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।



**नवोदय विद्यालय में छात्रों को ऑनलाइन ठगी के तरीकों से किया गया सचेत**

**निर्देश : जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में भुगतान, टीकाकरण और आयुष्मान प्रगति पर जोर**

# स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**बैठक**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल की मौजूदगी में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान योजना, आशा भुगतान, राष्ट्रीय टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण अभियान, टीबी उन्मूलन, परिवार नियोजन और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की स्थिति देखी गई। कई योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



टीकाकरण की प्रगति कमजोर मिलने पर जलालपुर के बीपीएम और बसखारी व जहांगीरगंज के एआरओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। टांडा के बीसीपीएम से मूल अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान की अद्यतन सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने को कहा गया।

बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

### वेतन रोकने और स्पष्टीकरण के निर्देश

जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में देरी पर मेडिकल कॉलेज सदरपुर के दो पटल सहायकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। संबंधित उप प्राचार्य को दो दिन में सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया। भीटी, बसखारी, रामनगर, जलालपुर और टांडा के ब्लॉक लेखा प्रबंधकों से स्पष्टीकरण मांगा गया और वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। भीटी के ब्लॉक लेखा प्रबंधक के खिलाफ सेवा से पृथक्करण की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया।

# नए सत्र में किताबों को लेकर शिकायतें, अभिभावकों पर बढ़ा खर्च

## फैजाबाद रोड स्थित स्कूल से जुड़ा मामला

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जिले में कुछ स्कूलों द्वारा कॉपी-किताब खरीद को लेकर अभिभावकों की शिकायतें सामने आई हैं।

फैजाबाद रोड स्थित एक सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय से जुड़ा मामला चर्चा में है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रों को एक तय दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए कहा जा रहा है। शहजादपुर स्थित मंगलम रेडीमेड नामक दुकान पर छात्रों को कॉपी-किताब उपलब्ध कराई जा रही है।

अभिभावकों का कहना है कि किताबों की कीमत काफी अधिक है। कई पुस्तकों पर मूल्य अंकित नहीं है। इससे वास्तविक कीमत की जानकारी नहीं मिल पा रही है।



अभिभावकों ने इसे अनावश्यक आर्थिक दबाव बताया है।

स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि खुले बाजार में उपलब्ध समान किताबें कम कीमत पर मिल सकती हैं, लेकिन विद्यालय से जुड़े निर्देश के कारण अभिभावक विकल्प नहीं चुन पा रहे हैं। मामले को लेकर अभिभावकों में असंतोष है। हालांकि, संबंधित विद्यालय प्रबंधन की ओर से इस पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। शिक्षा विभाग की ओर से भी अब तक कोई बयान जारी नहीं हुआ है।

# सम्पादकीय

## प्रगति को नए पंख

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन करते हुए इसे उचित ही भारत की नई ऊर्जा का प्रतीक कहा। इस एयरपोर्ट की आवश्यकता केवल इसलिए नहीं बढ़ गई थी, क्योंकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दबाव बहुत बढ़ गया था। इसकी आवश्यकता इसलिए भी थी ताकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बल दिया जा सके।

एयरपोर्ट महज आवागमन की सुविधा भर नहीं होते, वे प्रगति को नए पंख भी प्रदान करते हैं। यह एयरपोर्ट एनसीआर के साथ ही उत्तर प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र के लिए उपलब्धि भी है और अवसर भी। इसके भरे-पूरे आसार दिख रहे हैं कि नोएडा एयरपोर्ट इस क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने के साथ ही यहां के युवाओं एवं कारोबारियों को तरक्की के नए अवसर भी प्रदान करेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन गया है। निःसंदेह यह भी उत्तर प्रदेश के लिए एक उपलब्धि है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि पिछले कुछ समय से देश में हवाई अड्डों की संख्या तेजी के साथ बढ़ी है। आज से 15 साल पहले देश में लगभग 75 एयरपोर्ट थे, आज उनकी संख्या 160 से अधिक हो चुकी है। इसका सीधा अर्थ है कि देश प्रगति कर रहा है और हवाई संपर्क नए-नए क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। आज के युग में यह धारणा सही नहीं कि हवाई यात्रा सिर्फ धनी वर्ग के लिए ही संभव है। वास्तव में अब यह आम आदमी की भी जरूरत बन गई है। इसमें संदेह नहीं कि देश में हवाई यात्रा सुविधा का विस्तार हो रहा है, लेकिन अभी उड्डयन क्षेत्र में काफी कुछ करने की आवश्यकता है। इसका संकेत प्रधानमंत्री के इस कथन से मिलता है कि अभी अपने देश में हवाई जहाजों की सर्विसिंग की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। यह आश्चर्यजनक है कि आज भी 85 प्रतिशत हवाई जहाजों को सर्विसिंग के लिए विदेश भेजना पड़ता है। यह अच्छा हुआ कि नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहाल) सुविधा का भी उद्घाटन हुआ।

यह सुविधा देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसी के साथ इस पर भी सभी राजनीतिक दलों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की परिकल्पना एवं उनके क्रियान्वयन में इतना अंतर क्यों हो जाता है? नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर किया था। इसके बाद के मुख्यमंत्रियों ने भी पहल की, लेकिन किन्हीं कारणों से बात आगे नहीं बढ़ सकी और इस तरह 25 वर्ष की देर हुई। यह देर राष्ट्रीय संसाधनों पर भारी ही पड़ी।

## विश्व को संकट में डालने वाला युद्ध

यदि पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा संकट कायम रहा तो दुनिया भर में उद्योग-धंधों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच पिछले लगभग एक माह से जारी युद्ध को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोकने की कोशिश करते तो दिख रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल होते नहीं नजर आ रहे हैं। इसका कारण उनका विरोधाभासी और अविश्वसनीय रवैया है। वे ईरान को धमका भी रहे हैं और उसे युद्ध विराम की पेशकश भी कर रहे हैं। उन्होंने ईरान से बातचीत का हवाला देते हुए पहले उसके बिजली और ऊर्जा ठिकानों पर पांच दिनों तक हमले टालने की घोषणा की, फिर इस अवधि को और आगे बढ़ा दिया। इस बीच उन्होंने ईरान के समक्ष जो 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उसके जवाब में उसने भी अपनी पांच शर्तें रख दीं। 15 सूत्रीय प्रस्ताव और पांच शर्तों के चलते दोनों पक्षों के बीच किसी सार्थक बातचीत के आसार कम ही हैं, क्योंकि दोनों के बीच भरोसे का अभाव है। समस्या यह भी है कि ट्रंप की किसी बात का भरोसा नहीं। ईरान ने यह समझ लिया है कि वह समुद्री मार्ग होर्मुज पर अपना दबदबा बनाए रखकर और उसे बाधित कर अमेरिका को झुका सकता है, क्योंकि इस मार्ग के बंद होने से उपजा ऊर्जा संकट विश्वव्यापी रूप ले चुका है। अमेरिका की मानें तो वह कई मध्यस्थों के जरिये ईरान से बात कर रहा है। इन मध्यस्थों में मिस्र, तुर्किए के साथ पाकिस्तान का भी नाम है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अमेरिका के लिए उपयोगी है। अमेरिका उसके जरिये ईरान में दखल देने की स्थिति में है। एक समय अमेरिका ने पाकिस्तान के सहारे ही अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया था।

**संजय गुप्त**

# व्रत और उपवास : चिकित्साशास्त्र की परमौषधि




डॉ. उदयराज मिश्र

**सामान्यतः व्रत और उपवास को एक समान ही समझा जाता है, किंतु संकल्प-भेद से इन दोनों में असाधारण साम्य होने पर भी सूक्ष्म अंतर है। व्रत को संकल्प नाम से व्यवहृत किया जाना अधिक प्रासंगिक है।**

> व्रत और उपवास की महत्ता के चलते ही मुसलमान रोजा रखते हैं, सनातनी लोग व्रत और उपवास रखते हैं तथा बौद्ध, जैन, पारसी आदि समुदायों में भी फलाहार, निराहार या अल्पाहार करते हुए व्रत का विधान पाया जाता है।





आधुनिक चिकित्साशास्त्र और मनोविज्ञान प्राचीन भारतीय दर्शन और वाङ्मय में वर्णित तथा सनातन संस्कृति में आदिकाल से व्यवहृत होते आ रहे व्रत और उपवास को लेकर इस बात पर एकमत हैं कि किसी भी अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति में व्रत और उपवास का महनीय योगदान होता है। इनके द्वारा अपने को बुराइयों से दूर करते हुए परमेश्वर से तादात्म्य स्थापित करने का जो प्रयास करता है, वही उसे स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन के साथ ही साथ संकल्पों की पूर्णता में सहायक होता है।

किसी अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति हेतु साधक का दृढ़ निश्चयपूर्वक होकर उसे संपादित करने हेतु उद्यत होना ही उसका संकल्प या प्रतिज्ञा या व्रत कहलाता है।यजुर्वेद (19.30) में व्रत की महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा गया है कि -

व्रतेन दीक्षामाप्नोति दीक्ष्याप्नोति दक्षिणाम।
दक्षिणा श्रद्धामाप्नोति श्रद्ध्या सत्यमाप्यते।।

अर्थात् व्रत (संकल्प) से दीक्षा (योग्यता) प्राप्त होती है, दीक्षा से दक्षिणा (समृद्धि), दक्षिणा से श्रद्धा और श्रद्धा से सत्य की प्राप्ति होती है। यही लक्ष्य की सिद्धि है।इसी भाव को ऋग्वेद में भी समर्थन मिलता है—ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत। (ऋग्वेद 10.190.1)

यहाँ 'तप' अर्थात संयम और साधना को सृष्टि के मूल में बताया गया है, जो व्रत के ही व्यापक स्वरूप का द्योतक है।तैत्तिरीय उपनिषद् में भी स्पष्ट निर्देश है—

तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व।

अर्थात् तप (व्रत-संयम) के द्वारा ही ब्रह्म का साक्षात्कार संभव है।स्कन्द पुराण में सत्यनारायण व्रत के प्रसंग में शौनकादि ऋषियों ने महर्षि सूत से पूछा—

व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम्।
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथ्यस्व महामुने।।

अर्थात् व्रत और तप से वांछित फल कैसे प्राप्त होता है,यह जानने की जिज्ञासा स्वयं ऋषियों ने की। इससे स्पष्ट है कि व्रत को लक्ष्य-प्राप्ति का महामार्ग माना गया है।तप का वर्णन करते हुए पद्मपुराण में भी कहा गया है कि -

न व्रतं सदृशं तपः

अर्थात् व्रत के समान कोई अन्य तप नहीं है।महाभारत (अनुशासन पर्व) में भी भीष्म पितामह कहते हैं कि - व्रतानि तपसां श्रेष्ठानि।अर्थात् सभी तपों में व्रत श्रेष्ठ है।

उपवास भी व्रत का ही एक रूप है। 'उपवास' का विग्रह है— उप + वास, अर्थात् परमात्मा के समीप निवास करना।संस्कृत में कहा गया है कि उप समीपे वासो यस्य स उपवास अर्थात् इन्द्रियों का निग्रह करते हुए, मन को संयमित रखकर, फलाहार या निराहार रहते हुए परमात्मा के निकट होना ही उपवास है।

भगवद्गीता (6.16-17) में भी संयम का महत्व बताया गया है—

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः।

अर्थात् न तो अत्यधिक भोजन करने से और न ही पूर्ण उपवास से—बल्कि संतुलन से योग सिद्ध होता है।

यहाँ उपवास के वैज्ञानिक संतुलन की ओर संकेत है।

आयुर्वेद में कहा गया है कि लङ्घनं परमौषधम्।

अर्थात् उपवास (लघु आहार या निराहार) सर्वोत्तम औषधि है।आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी यह मानता है कि समय-समय पर उपवास करने से—पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है,विषाक्त तत्वों का निष्कासन होता है

मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा आदि में लाभ होता है।

उपवास करने से मनोवैज्ञानिक और साक्षात प्रभाव यह पड़ता है कि पाँच ज्ञानेंद्रियाँ, पाँच कर्मेंद्रियाँ और मन—इन एकादश इंद्रियों का संयम होता है। इससे विचार सात्त्विक होते हैं और सकारात्मक चिंतन का विकास होता है।तभी तो मनुस्मृति में भी कहा गया है—

इन्द्रियनिग्रहः श्रेष्ठः

अर्थात् इन्द्रियों का संयम ही श्रेष्ठ साधना है। व्रत और उपवास का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक निष्कर्ष भी मानव कल्याण से ही जुड़ा है। स्पष्ट है कि व्रत और उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि यह—आत्मसंयम का साधन,मानसिक शुद्धि का माध्यम,शारीरिक स्वास्थ्य का आधारऔर आध्यात्मिक उन्नति का सेतु हैं।इसीलिए भारतीय संस्कृति "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" की भावना को साकार करते हुए व्रत, उपवास, यम, नियम, संयम और प्राणायाम को धर्म का अनिवार्य अंग मानती है।नवरात्र, रामनवमी, एकादशी, जन्माष्टमी आदि पर्वों पर किया जाने वाला उपवास वस्तुतः आत्मचिकित्सा, आत्मशुद्धि और आत्मोन्नति का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक उपक्रम है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि—व्रत संकल्प का आधार है और उपवास उस संकल्प की साधना। दोनों मिलकर मनुष्य को शरीर, मन और आत्मा—तीनों स्तरों पर परिपूर्णता की ओर अग्रसर करते हैं।

## भारत के शहरी ढांचे में ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# सड़कों से गायब हुए फुटपाथ : अतिक्रमण पर आँख बंद करके बैठा प्रशासन

सड़कों से गायब होते फुटपाथ आज भारत के शहरी जीवन की एक कठोर सच्चाई बन चुके हैं, और अभी तक की स्थिति तक उपलब्ध नवीनतम सरकारी रिपोर्टों, नीतिगत दस्तावेजों और विश्वसनीय अध्ययनों को देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह समस्या न तो नई है और न ही आकस्मिक, बल्कि यह लगातार उपेक्षा, कमजोर शहरी नियोजन और प्रशासनिक निष्क्रियता का परिणाम है। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट "रोड एक्सीडेंट इन इंडिया 2022" के अनुसार देश में कुल सड़क दुर्घटना मृत्यु में लगभग 19 प्रतिशत पैदल यात्रियों की हिस्सेदारी रही। इसका सीधा अर्थ यह है कि हर पाँच में से लगभग एक व्यक्ति, जो सड़क पर जान गंवा रहा है, वह पैदल चल रहा था। यह आँकड़ा केवल दुर्घटना का नहीं, बल्कि शहरी ढाँचे की प्राथमिकताओं का दर्पण है, जहाँ पैदल चलने वालों की सुरक्षा को व्यवस्थित रूप से नजरअंदाज किया गया है।

भारत के शहरी ढांचे में पैदल यात्रियों की भूमिका को समझना आवश्यक है। विभिन्न शहरी परिवहन अध्ययनों, जैसे कि "नैशनल अर्बन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी 2006" और उसके बाद के संशोधित दृष्टिकोणों में यह स्वीकार किया गया है कि भारतीय शहरों में




20 से 40 प्रतिशत तक यात्राएँ छोटी दूरी की होती हैं, जिन्हें लोग पैदल या गैर-मोटर चालित साधनों से तय करते हैं। इसके बावजूद, शहरों की सड़क योजना मुख्यतः मोटर वाहनों की गति और संख्या को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। नीति और व्यवहार के इस अंतर ने फुटपाथों को 'वैकल्पिक' बना दिया है, जबकि वे वास्तव में शहरी जीवन की मूलभूत आवश्यकता हैं। परिणामस्वरूप, आज अधिकांश शहरों में या तो फुटपाथ मौजूद ही नहीं हैं, या वे इतने खंडित, संकरे और अव्यवस्थित हैं कि उनका उपयोग करना जोखिम भरा हो जाता है।

फुटपाथों के अतिक्रमण की समस्या इस संकट को और गहरा करती है। शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले फुटपाथ, व्यवहार में बहुउद्देश्यीय और अनियंत्रित उपयोग के स्थल बन गए हैं। उन पर रेहड़ी-पटरी, अस्थायी दुकानें, अवैध पार्किंग, निर्माण सामग्री और कई बार स्थायी संरचनाएँ तक देखी जा सकती हैं। यह स्थिति केवल अवैधता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह शहरी अर्थव्यवस्था और नियोजन के बीच असंतुलन का भी संकेत है। "Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014" ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित तरीके से निर्दिष्ट क्षेत्रों में स्थान दिया जाए, ताकि उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और सार्वजनिक स्थानों का अतिक्रमण भी नियंत्रित हो। लेकिन 2026 तक उपलब्ध विभिन्न राज्य स्तरीय क्रियान्वयन रिपोर्टों और मीडिया विश्लेषणों से यह स्पष्ट है कि अधिकांश शहरों में टाउन वेंडिंग कमेटियाँ पूरी तरह सक्रिय नहीं हैं और न ही पर्याप्त वेंडिंग जोन विकसित किए गए हैं। इस नीति-क्रियान्वयन अंतर ने फुटपाथों को अव्यवस्था के हवाले कर दिया है। प्रशासनिक दृष्टि से देखें तो समस्या और भी जटिल दिखाई देती है। नगर निगमों और विकास प्राधिकरणों के पास अतिक्रमण हटाने के लिए पर्याप्त कानूनी शक्तियाँ मौजूद हैं, लेकिन कार्रवाई प्रायः असंगत और अल्पकालिक होती है। समय-समय पर चलाए जाने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान कुछ दिनों के लिए दृश्य परिवर्तन अवश्य लाते हैं, लेकिन स्थायी सुधार नहीं कर पाते। इसका एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है, क्योंकि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अक्सर स्थानीय स्तर पर विरोध और दबाव का कारण बनती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी भी एक बड़ी बाधा है, जहाँ सड़क, यातायात, नगर नियोजन और पुलिस विभाग अलग-अलग काम करते हैं, लेकिन साझा रणनीति का अभाव रहता है। यह संस्थागत विफलता फुटपाथों की दुर्दशा को स्थायी बना देती है। फुटपाथों की गुणवत्ता और डिजाइन भी उतनी ही गंभीर समस्या है। भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) द्वारा जारी दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शहरी सड़कों पर फुटपाथों की न्यूनतम चौड़ाई, समतल सतह, बाधा-रहित मार्ग और दिव्यांगजन के लिए सुगम डिजाइन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## उनके आदर्शों...

ललित गर्ग

# युद्ध के माहौल में महावीर के दर्शन की उपादेयता



सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाने हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हो। आज समुचित दुनिया युद्ध एवं आतंक के मुहाने पर खड़ी है.युद्ध की विकराल होती स्थितियां संपूर्ण मानवता के लिए एक बड़ा संकट बन रही है, ऐसी स्थितियों में युद्ध मुक्ति और अहिंसक समाज रचना के लिए महावीर के सिद्धांतों को अपनाने और महावीर के जीवन दर्शन को स्थापित करने की जरूरत है. भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।


एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे।

## जरा हटके

## भविष्य का सबसे...

सौरभ वार्ष्णेय

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान




नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे भारत की विकास यात्रा का एक बड़ा आधार बनने जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इसके माध्यम से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाई मिलेगी। इस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान माना जा रहा है। इस विकास से प्रदेश का ही नहीं देश का विकास भी संभव हो सकेगा? देश की तरक्की में कम्युनिकेशन यानी यातायात को सुगम बनाना स्वाभाविक ही वह क्षेत्र और देश स्वयं तरक्की के पंख लगा लेता है। आज उसी अध्याय में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को बीमारू छवि से बाहर निकालेगा। प्रदेश की छवि में चार चांद लगेंगे

जैसा कि बताया जा रहा है, अप्रैल के अंत में फ्लाइट्स शुरू होने के बाद यह देश का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा। चारों फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। 5000 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। पहले फेज के बाद इस एयरपोर्ट पर यात्री क्षमता करीब 1.2 करोड़ होगी। फाइनल फेज पूरी होने के बाद यह 7 करोड़ से अधिक यात्री क्षमता वाला एयरपोर्ट होगा। उड़ानें शुरू होने के बाद तेजी से बढने की उम्मीद है। भविष्य का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की पूरी क्षमता रखता है। इससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' छवि से बाहर निकालकर 'विकसित प्रदेश' की दिशा में ले जाने की क्षमता रखता है, और जब देश का सबसे बड़ा राज्य आर्थिक रूप से सशक्त होगा, तो स्वाभाविक है कि भारत की समग्र प्रगति भी तेज होगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट ) का उद्घाटन होने के बाद अब अप्रैल माह के अंत तक उड़ाने शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 65 शहरों के लिए उड़ान शुरू किए जाने का दावा है। पहले चरण में देश के 10 शहरों के लिए सेवा शुरू होगी। शुरुआत में केवल घरेलू और कार्गो उड़ानें ही संचालित होंगी। नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन गया है। वैसे तो देश में एयरपोर्ट अलग-अलग मानकों के आधार पर तय किए जाते हैं।

# समस्याओं के समाधायक थे आचार्य श्री भिक्षु

समस्या छोटी हो या बड़ी आती हैं ,आती ही रहेंगी। वह हमको यह सोच रखनी है कि उनके कारण हमारी जिन्दगी थोड़े ही थमेगी। जिन्दगी को चलाना है, और वह तो चलेगी भी। हमको समस्या को धीरज से सुलझाना पड़ता है और वह सुलझेगी ही। हर समस्या का समाधान होता है जहाँ तक हो सके,निपटाना। घबराना तो उलझाना है । सुलझाने का पहला गुर आचार्य श्री भिक्षु की तरह अपने आप पर भरोसा करना है । वह अपने जीवन में आई हुई समस्याओं ( पांच वर्ष तक उनको आहार भी पूरा सही नहीं मिला और भी समस्यायें उनके सामने आईं) से बिल्कुल भी डरे , घबरायें आदि नहीं बल्कि हर समस्या का हल है ही यह मान कर वह आगे बढ़ते चलें । वह कोई भी समस्या न भी सुलझ पाए तो संयोग समझ उसे स्वीकार कर आगे की सुध हमको लेना चाहिए । आचार्य श्री भिक्षु ने कितने- कितने वर्षों तक आहार आदि पूर्ण नहीं मिलने पर रुके नहीं वह उसी में अटके नहीं चलते रहें । वह उनका यह श्रम आज तेरापंथ धर्म संघ के रूप में देश-विदेश में लहलहा रहा हैं । यही सफल जिन्दगी का नियम,अधि-नियम आदि हैं । हमको एक बार सही से आत्मविश्वास जगाकर यह जान जाना हैं कि हम क्या न हो। यह जानने के लिए दबे आत्म विश्वास को जगायें । वह तब हम देखेंगे असंभव को भी संभव कर दिखा सकते हैं । वह हम यह महसूस करेंगे कि इतनी सब परेशानी के बाद भी मेरा मानसिक कायापलट ही हो गया। वह आज तक किसी भी तरह की समस्या से नहीं हारा। वह जब भी समस्या आई तो समस्या को ही किनारा करना पड़ा ।

कंटालिया की इस धरती से ऐसा महासूर्य उद्घाटित हुआ था जिसने पूरे जगत में ऐसा प्रकाश फैलाया जो प्रकाश आज भी लोगों के मिथ्यात्व और अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने में समर्थ है । आचार्य श्री भिक्षु की जन्म- स्थलो का गौरव कंटालिया को प्राप्त हैं । धर्म किसी भी व्यक्ति के जीवन में होता है तो परम को प्राप्त कराने वाली चीज व्यक्ति के पास होती हैं । व्यक्ति का शैशवकाल भी होता हैं परन्तु जन्मों से भी संबद्ध हो सकता हैं । इस शैशव काल का विकास में अच्छा उपयोग होना चाहिए । बच्चा थोड़ा बड़ा हो जाए तो उसे अच्छे संस्कार दिए जा सकतें हैं । वह संस्कार देने का प्रयास तो गर्भावस्था से ही किया जा सकता हैं । अभी आचार्य श्री भिक्षु का जन्म त्रिशताब्दी वर्ष चल रहा हैं । आचार्य श्री भिक्षु शैशवकाल में ही समस्याओं का समाधान निकालने वाले थे । उनकी बुद्धि विलक्षण थी । वह ऐसा प्रतीत होता हैं कि उनमें ज्ञान का विशेष क्षयोपशम था । शैशव काल सभी के जीवन में आता हैं परन्तु विशेष बात यह हैं कि शैशव काल का आचार्य श्री भिक्षु की तरह विशेष लाभ उठाने वाला हो । आचार्य श्री तुलसी ने अपने जीवन के बारह वे वर्ष में , आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी जीवन के ग्यारहवें वर्ष में साधु बन गए थे । वह साध्वी गुलाबसती जी तो अपने जीवन के आठवें वर्ष में ही दीक्षित हो गईं थी । तेरापथ धर्म संघ के आज तक के इतिहास में साध्वी गुलाबसती जी की दीक्षा सबसे कम आयु में हुई थी । शैशवावस्था में ज्ञानार्जन का प्रयास होना चाहिए ।वह इस काल का सदुपयोग भी होना चाहिए ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## छेनी-हथौड़ी और बुलडोजर चल रहा, 150 पुलिसकर्मी तैनात, ड्रोन से निगरानी

# दालमंडी में तोड़े जा रहे 30 मकान

**कार्रवाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । वाराणसी की दालमंडी में रविवार को 30 मकानों को तोड़ा जा रहा है। मजदूर छेनी-हथौड़ी और बुलडोजर से मकान गिरा रहे हैं। 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर गली में आवाजाही रोक दी है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।

प्रशासन के मुताबिक, इन सभी मकानों की रजिस्ट्री करवा ली गई है। हिस्सेदारों के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। ईद को लेकर कार्रवाई रोकी गई थी। इससे पहले भी 22 जर्जर मकान तोड़े जा चुके हैं। दरअसल, दालमंडी गली को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 51वें काशी दौरे पर इसका शिलान्यास किया था। इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से 215.88 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। 186 घर और दुकान मालिकों को 191 करोड़ रुपए मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के अफसरों के अनुसार, नई सड़क से लेकर चौक थाने तक 650 मीटर लंबी दालमंडी गली को 60 फीट चौड़ा किया जाना है। इसमें 30 फीट की सड़क और दोनों तरफ 15-15 फीट की पटरी होगी।




**दालमंडी में सेवई, मिठाई और खजूर की दुकानों को भी गिराने की तैयारी चल रही है। ऐसे में दुकानदार जल्द से जल्द दुकानों से सामना निकालकर खाली कर रहे हैं।**

**प्रशासन के लोग और फोर्स यहां मुस्तैद है। सुबह से ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चल रही है।**

### दुकानदार मांग रहे 24 घंटे का अतिरिक्त समय

बुलडोजर लेकर दुकान तोड़ने पहुंचे अधिकारियों से दुकानदार हाथ जोड़कर समय मांग रहे। दुकानदारों को कहना है कि हमें बस 24 घंटे का समय और दे दीजे। हम दुकान खाली कर देंगे। नहीं तो हमारा बहुत नुकसान हो जाएगा।



कानून व्यवस्था संभालने के लिए 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर गली में आवाजाही रोक दी है।

### दुकानों पर चल रहा प्रशासन का बुलडोजर

ध्वस्तीकरण कार्रवाई को लेकर कुछ दुकानदार 1 दिन का समय मांग रहे हैं।

उनका कहना है कि दुकान में सामान भरा हुआ है। एक दिन का समय दे दिया जाए, तो अपना सामान निकाल कर बाहर कर लेंगे। लेकिन पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी। दुकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### छेनी-हथौड़ी के साथ अब बुलडोजर चलना शुरू

छेनी-हथौड़ी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बीच अब बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। कार्रवाई को आज बहुत तेजी से चलाया जा रहा है।

कई-कई मकानों पर एक साथ कई-कई मजदूर तो लगे ही हैं। वहीं अब बुलडोजर से भी मकानों और दुकानों को तोड़ा जा रहा है।

दालमंडी में परवेज हसन ने कहा- यहां हम सबकी रोजी रोटी जा चुकी है, सरकार रोजगार दे नहीं पा रही है। यहां चौड़ीकरण किया जा रहा है। लेकिन सरकार को इसका मुवावजा देना चाहिए था। दालमंडी के लोगों के साथ अन्याय कर रही सरकार।

# 'धूप के बंद दरवाजे' पुस्तक का विमोचन




**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के कैफी आजमी अकादमी में पुस्तक का विमोचन हुआ। शालिनी सिंह के कविता संग्रह 'धूप के बंद दरवाजे' कार्यक्रम में साहित्यकारों का जमावड़ा लगा। मंच संचालक सलमान खयाल ने किताब को शालिनी सिंह की मेहनत और काबिलियत का संग्रह बताया।

लेखकीय वक्तव्य हेतु आमंत्रित किया। शालिनी ने बताया कि साहित्य कमजोरों की कर्मभूमि है और साहित्यकार की आवाज होती है। पुस्तक में लोकगीतों के प्रभाव का उल्लेख किया, कोविड काल की स्मृतियों को साझा किया और वर्तमान दौर में सांप्रदायिकता की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई।

**शालिनी सिंह बोलीं- साहित्यकार समाज का आईना, कमजोरों की आवाज उठाना जरूरी**

समाज और सत्ता को अपने संग्रह से तीन कविताओं 'धूप के बंद दरवाजे', 'यात्राओं के अनुवाद' और 'आकार में छोटी हर चीज स्त्रीलिंग नहीं होती' का पाठ किया।

**फास्ट न्यूज**

### विश्व में युद्ध के बीच शांति के लिए हरिनाम संकीर्तन

आगरा । दुनिया भर में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच विश्व शांति की कामना के साथ रविवार को इस्कॉन के आह्वान पर भारत के 700 शहरों में एक साथ हरीनाम संकीर्तन किया गया। आगरा के जयपुर हाउस स्थित अहिंसा पार्क में भी सुबह 6 बजे से "हरे राम-हरे कृष्ण" के संकीर्तन की गूंज सुनाई दी। भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से शांति और सद्भाव का संदेश दिया।

### शिवपाल के सामने भावुक हुईं नसीम सोलंकी

कानपुर । कानपुर में सपा विधायक नसीम सोलंकी शनिवार शाम को शिवपाल यादव के सामने भावुक हो गईं। ईद-होली मिलन समारोह के दौरान उनके आंसू छलक पड़े। खुद को संभालते हुए कहा- मुझे अपने चुनाव के वो दिन याद आ गए, जब यही लोग इसी मंच पर साथ मौजूद थे। नसीम सोलंकी ने शायरी भी पढ़ी- जो जुल्म हो रहा था, न यह सुबह आखिरी है, न यह शाम आखिरी है, जहां जुल्म की कसरत हो, वो निजाम आखिरी है। इससे पहले, शिवपाल यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- अगर पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है, तो लोग लाइन में क्यों लगे हैं? हकीकत यह है कि भाजपा ने केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश को लूटने का काम किया है।

### फुल नहीं हो रही वाहनों की टंकी

आगरा । पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बाधित होने की चर्चाओं का असर अब स्थानीय स्तर पर दिखने लगा है। आगरा में इन दिनों पेट्रोल पंपों पर ईंधन सीमित मात्रा में ही दिया जा रहा है। कई पंपों पर दोपहिया वाहनों में सिर्फ 200 रुपये का पेट्रोल डाला जा रहा है, जबकि कार चालकों को 1000 रुपये तक का ही ईंधन मिल पा रहा है। कुछ जगहों पर पेट्रोल खत्म होने के कारण पंपों को अस्थायी रूप से बंद भी करना पड़ा।

# राज्य मंत्री ने निर्माणाधीन केयर ब्लॉक भवन का किया निरीक्षण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा । अध्यक्ष, यूपीसिडको (यू०पी० स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट कॉरपोरेशन) उ०प्र० सरकार, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाई० पी० सिंह ने जिला अस्पताल स्थित यूपीसिडको द्वारा निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता-पूर्ण से पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए ससमय भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बारीकी से सभी कमरों, रेलिंग, रैंप, सीढ़ियों, खिड़कियों, पिलरों आदि का जायजा लिया। उन्होंने भवन में चल रहे टाइल्स के कार्यों का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ कार्य को किया जाए। अध्यक्ष को निर्माणाधीन भवन में कुछ समस्याएं दिखी, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को 02 सप्ताह के भीतर सही कराने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल स्थित यूपीसिडको द्वारा निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन का कार्य प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के अन्तर्गत किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा अध्यक्ष को बताया कि 50 शैय्या क्रिटिकल केयर सेन्टर का निर्माण कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 को प्रारंभ हुआ था तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि 15 जुलाई 2025 थी, किन्ही कारणों से विलंब हुआ है, जिसके दृष्टिगत अब उक्त कार्य जुलाई 2026 में पूर्ण कर लिया जाएगा। उक्त कार्य की लागत रुपए 1782.22 लाख है। यू.पी. स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड मथुरा इसकी कार्यदाई संस्था है।





## कैंपस के नाले में अधजला शव मिला, ड्यूटी पर आए थे

# अलीगढ़ में डिग्री कॉलेज के चपरासी की हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़ । अलीगढ़ में टीकाराम डिग्री कॉलेज के एक चपरासी की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह वह घर से ड्यूटी के लिए कॉलेज आए थे। इसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

इसी बीच रविवार सुबह करीब 11 बजे कॉलेज परिसर के नाले में अधजला शव मिला। शव के कुछ हिस्से जल चुके थे। नाले से शव को बाहर निकालने पर लोगों ने सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की और कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में देखा गया कि धर्मेंद्र कॉलेज परिसर से बाहर नहीं गए थे। इसके बाद पुलिस ने परिसर की छानबीन की तो दोपहर करीब 11:30 बजे कॉलेज की पार्किंग के पास नाले में धर्मेंद्र का अधजला शव पड़ा मिला।

पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। वहां मौजूद लोगों को लगा कि वह अभी जिंदा हैं। इस पर उन्हें सीपीआर भी दिया गया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई।



धर्मेंद्र, मृतक

स्थानीय लोगों ने सीपीआर देकर उसके बॉडी में जान लाने की कोशिश की।

**सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना क्वार्सी थाना क्षेत्र की है।**



### कॉलेज परिसर के नाले में मिला अधजला शव

युवक की पहचान धर्मेंद्र (42) के रूप में हुई है। वह रामघाट रोड स्थित केके हॉस्पिटल वाली गली में रहते थे। धर्मेंद्र टीकाराम कन्या महाविद्यालय में चपरासी थे। शनिवार को उनकी सुबह 6 बजे से ड्यूटी थी, इसलिए वह तड़के ही घर से कॉलेज के लिए निकल गए थे। देर शाम तक जब धर्मेंद्र घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने सोचा कि वह शायद किसी रिश्तेदारी में गए होंगे और सुबह ड्यूटी के समय घर पहुंच जाएंगे। हालांकि सुबह वह कॉलेज में भी नहीं मिले।

## वाराणसी में परिजन बोले- गो तस्कर ने मुखबिरी के शक में हत्या की

# युवक को पीट कर हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । वाराणसी में दबंगों ने एक युवक को पीटकर मार डाला। शनिवार रात में बाइक से 8-9 युवक पहुंचे। युवक घर से निकला तो जबरिया उसे खींचकर बाइक पर बैठा लिए और अपने साथ लेते गए। गांव के बाहर करीब एक किलोमीटर दूर एक पुलिया के पास बेरहमी से पिटाई की।

पीछा करते हुए परिजन पहुंचे तो युवक अधमरी हालत में पड़ा था। गंभीर हालत में उसे हेरिटेज अस्पताल लाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना रोहनिया पंडितपुर क्षेत्र की है। युवक की पहचान गांव के रहने वाले सानू अली के रूप में हुई है।

मृतक के ताऊ ने कहा- आरोपी युवक पहले गो तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। उसे शक था कि सोनू ने ही मुखबिरी कर उसे पकड़वाया था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

रोहनिया पंडितपुर का रहने वाला सानू अली (17) राजमिस्त्री का काम करता था। वह 3 भाई-बहनों में सानू सबसे बड़ा था। पिता की कुछ साल पहले मौत हो गई। पिता की मौत के बाद सानू पर ही घर की सारी जिम्मेदारियां थीं। ताऊ अख्तर अली ने कहा- शनिवार रात नौ बजे के आसपास बबलू नामक युवक अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा। सानू से बबलू ने कहा- तुमने मेरा मोबाइल चोरी किया है, उसे वापस दो। सानू ने इनकार किया तो वे लोग हंगामा करने लगे।



सानू अली, मृतक

### पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

ताऊ ने पुलिस पर भी मामले में लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा- घटना की जानकारी देने के बाद भी पुलिस समय पर नहीं पहुंची। हमने चौकी इंचार्ज को फोन कर बुलाया लेकिन वे देर से आए। पुलिस के पहुंचने के पहले हमारा भतीजा मर चुका था।



एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा ने कहा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्राम दिवस पर भक्ति और भावनाओं का संगम

## कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र के अमोली कला गांव में अधिवक्ता अनमोल मिश्र के निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत रविवार को विश्राम दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा व्यास तरंग जी महाराज ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचन में सुदामा चरित्र का मार्मिक प्रहसन प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का ऐसा जीवंत चित्रण किया कि श्रोता भावविभोर हो उठे। सुदामा चरित्र के मंचन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। व्यास जी ने बताया कि सच्ची मित्रता निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण पर आधारित होती है, जिसमें किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने राजा परीक्षित के मोह प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में मोह ही सबसे बड़ा बंधन है, जो उसे सत्य और ईश्वर से दूर करता है। श्रीमद्भागवत कथा का मूल उद्देश्य इसी मोह को समाप्त कर व्यक्ति को भगवान के चरणों में स्थिर कर आत्मिक शांति प्रदान करना है। विश्राम दिवस के अवसर पर भजन-कीर्तन का भी भव्य आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायकों ने मधुर स्वर लहरियों से पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया।



# पत्नी का हत्यारा बर्खास्त कैप्टन गिरफ्तार शादी के 5 माह बाद मर्डर

## उम्रकैद होते ही अंडरग्राउंड हुआ, पहचान छिपा जूस फैक्ट्री में इंचार्ज बना

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अबोहर । फाजिल्का जिले के अबोहर में पत्नी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा मिलने के बाद फरार हुए सेना के बर्खास्त कैप्टन संदीप तोमर को पंजाब पुलिस ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करीब 4 साल से अंडरग्राउंड था और अपनी पहचान छिपाकर एक जूस फैक्ट्री में इंचार्ज के तौर पर काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी संदीप तोमर मूल रूप से उत्तर प्रदेश में कानपुर के बर्रा रोड का रहने वाला है। वह अबोहर छावनी में सेना में कैप्टन के पद पर तैनात था। वर्ष 2013 में शादी के 5 महीने बाद ही उसने पत्नी श्वेता सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी थी। रविवार को पुलिस ने इसे जज के आवास पर पेश कर जेल भेज दिया।



दहेज प्रताड़ित का मामला दर्ज हुआः हालांकि, मृतका के पिता राम नरेश के बयान पर अबोहर के थाना नंबर-1 में संदीप तोमर और उसके माता-पिता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया। जब मामले की जांच हुई तो पता चला कि श्वेता ने फांसी नहीं लगाई थी, बल्कि उनकी गला दबाकर हत्या की गई थी। सेना ने बर्खास्त किया, जेल भेजाः इसके बाद संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भेजा गया।

### फरवरी 2013 में शादी हुई

जुलाई 2013 में अबोहर कैंट में तैनात भारतीय सेना के कैप्टन संदीप तोमर की पत्नी श्वेता सिंह की मौत हुई। मृतका श्वेता सिंह मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली थीं। उनकी शादी फरवरी 2013 में कानपुर के रहने वाले कैप्टन संदीप तोमर से हुई थी।

संदीप की तैनाती अबोहर कैंट में थी, इसलिए वह अपनी पत्नी को भी अपने साथ ले आया। इसके बाद शादी के करीब 5 महीने बाद जुलाई 2013 में श्वेता का शव अबोहर कैंट स्थित उनके सरकारी आवास में मिला। संदीप ने इसे आत्महत्या का मामला बताया था।

### कानपुर में कपड़े की दुकान में आग लगी

कानपुर । कानपुर के पी रोड मार्केट में एक गारमेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। बिल्डिंग में फंसे एक परिवार के चार लोगों ने जीने से भागकर अपनी जान बचाई, जिसमें एक तीन साल के बच्चे को गोद में लेकर उसकी मां भी बाहर निकली।

पी रोड बाजार रविवार को खुला रहता है, जबकि यहां मंगलवार को बंदी होती है। दोपहर 12:40 बजे दीप गारमेंट में आग लग गई। दुकान के आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। जिस दुकान में आग लगी थी, वहां से भी लोग बाहर निकलकर भागे। आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें दुकान के साइन बोर्ड तक पहुंच गईं। इसी तीन मंजिला बिल्डिंग में एक परिवार भी फंस गया था। परिवार के चार सदस्य दूसरी मंजिल पर रहते हैं। जब उन्हें धुआं महसूस हुआ तो वे जीने की ओर आए, लेकिन वहां भी धुआं भरा हुआ था।

**तैयारी :** लखनऊ और प्रयागराज के 27 केंद्रों पर 11,403 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

# 4 दिन चलेगी पीएससीएस मुख्य परीक्षा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित प्रशासनिक परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों के लिए आज से मुख्य परीक्षा की शुरुआत हो रही है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की ओर से सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (PCS) मुख्य परीक्षा-2025 1 अप्रैल तक होगी। परीक्षा प्रयागराज और लखनऊ के कुल 27 केंद्रों पर आयोजित की जाएगा। 11403 अभ्यर्थी इसमें शामिल हो रहे हैं। प्रयागराज में 12 परीक्षा केंद्रों पर 4757 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि लखनऊ में 15 केंद्रों के लिए 6646 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। दोनों शहरों में परीक्षा केंद्रों का चयन अभ्यर्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। PCS मुख्य परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पहले सत्र में सुबह और दूसरे सत्र में दोपहर बाद परीक्षा होगी। आयोग और प्रशासन की ओर से परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निगरानी के विशेष प्रबंध किए गए हैं। आयोग की ओर से सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से लेकर आएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही उन्हें परीक्षा से वंचित कर सकती है। PCS मुख्य परीक्षा को उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में माना जाता है। इस परीक्षा के जरिए प्रदेश की प्रशासनिक सेवाओं में अधिकारियों का चयन किया जाता है। ऐसे में अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा उनके करियर का अहम पड़ाव है, जहां प्रदर्शन के आधार पर आगे इंटरव्यू और अंतिम चयन का रास्ता तय होगा।



### प्रशासन ने पूरी की तैयारी, सुरक्षा पर विशेष जोर

परीक्षा को लेकर दोनों शहरों के जिला प्रशासन और पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। साथ ही, संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों को भी लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## महाराज सूरजमल की प्रतिमा के नीचे से जाट शब्द हटने से समाज नाराज, पंजाब सीएम नहीं कर पाए अनावरण

# 'इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट' में हंगामा

**अपमान**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। संसद में आए बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि पुलिस, प्रशासनिक सिस्टम जानबूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है। इसलिए इरादतन प्रतिमा के नीचे जो जाट शब्द लिखा था। उसको रातोंरात हटवाया गया है। हम इस तरह अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।


महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटने को लेकर समाज के लोगों में गुस्सा भड़क गया।


यह तस्वीर NH-58 की है। मेरठ में होने वाले इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट में शामिल होने के लिए ट्रैक्टर से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

वहीं सरधना एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने कहा कि जाति सूचक शब्द नहीं लिखा जाएगा।

हालांकि ये हंगामा कार्यक्रम खत्म होने के बाद हुआ। भगवंत सिंह मान सहित तमाम अतिथि वापस जा चुके हैं।

इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह और राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनिवाल सकौती के हितकारी इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्हें महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण करना था। जैसे ही भगवंत मान प्रतिमा का अनावरण करने जाने लगे तो अचानक भीड़ टूट पड़ी। इससे भगवंत मान आगे नहीं बढ़ पाए। वह बिना अनावरण के ही वापस लौटे। संबोधन दिया। भगवंत मान ने कहा- नेताओं ने जीते जी अपनी मूर्तियां लगा लीं, लेकिन देश की आजादी में अपनी जान गवाने वाले क्रांतिवीरों, शूरवीरों को भुला दिया।

### एसडीएम बोले- जाति सूचक शब्द नहीं लिखे जाएंगे

हंगामा कर रहे लोगों को पूर्व केंद्रीयमंत्री संजीव बालियान समझाया। मगर वह नहीं मान रहे। हंगामा बढ़ता देख मौके पर सरधना एसडीएम उदित नारायण सेंगर पहुंचे। संजीव बालियान ने एसडीएम से कहा कि आप क्या चाह रहे हो? समस्या बता दो? कहा कि जिस संस्था ने ये प्रतिमा डोनेट की है। उस संस्था का नाम ही अंतराष्ट्रीय जाट संस्था है। जो यहां लिखा गया है। संजीव बालियान ने कहा कि यह गांव का आयोजन है। मैं ग्रामीणों के साथ हूं। मैं ग्रामीणों को शांत कर लूंगा लेकिन ये ग्रामीण जो कहेंगे मैं उनके साथ हूं।

SDM ने कहा कि जाति सूचक शब्द कहीं नहीं लिखा जा रहा है, इसलिए नहीं लिखा जाएगा।

### लोग बोले- पहले प्लेट लगाई जाए, तभी हम उठेंगे

जाट समाज के लोगों ने कार्यक्रम के दौरान ही आयोजकों से कहा कि पहले प्रतिमा के नीचे जाट शब्द वापस लिखा जाए। तभी इसका अनावरण करने देंगे। अन्यथा आज महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण नहीं होगा।

किसी तरह आयोजकों ने बिरादरी के लोगों को समझाया। कहा गया कि जाट शब्द की प्लेट को फिलहाल टेंपरेरी प्रतिमा के नीचे लगाकर प्रतिमा का अनावरण करा दिया जाए। इस तरह जाट वाली नेमप्लेट को दोपहर में ही आयोजन के दौरान दोबारा प्रतिमा के नीचे टेंपरेरी लाकर लगवा दिया गया। जब आयोजन चल रहा था अंदर भाषण हो रहे थे। तभी पुलिस, प्रशासन ने दोबारा वो जाट लिखी प्लेट को प्रतिमा के पास से हटवा दिया। हंगामा कर रहे लोगों ने कहा- जाट शब्द की प्लेट को दोबारा परमानेंट तौर पर प्रतिमा के पास उसी स्थान पर लगवाया जाए। तभी हम यहां से उठेंगे।

## छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण में राष्ट्रपति भवन का किया अवलोकन



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग की छात्राओं ने दिल्ली शैक्षिक पर्यटन में राष्ट्रपति भवन का अवलोकन किया।

राष्ट्रपति भवन की विशालता, गरिमा, व्यवस्था, सादगी और सौंदर्य देख कर छात्राएं अचंभित हो गई।

राष्ट्रपति भवन के विशेष सचिव ने छात्राओं को भवन के निर्माण इतिहास और परंपराओं के बारे में बताया।छात्राओं ने यह दुर्लभ अवसर प्रदान किए जाने पर संबंधित अधिकारियों को अपना आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रपति भवन से जुड़े मुगल गार्डन (अमृत उद्यान) में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फूलों ,कलात्मक हरितमा को देखा। इतिहास विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ मांडवी राठौर, डॉ मनोरमा कौशिक, दामोदर घोष जी के नेतृत्व में गए इस 56 सदस्यीय पर्यटक दल ने प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं नेहरू तारामंडल भी देखा तथा वहां ग्रहों एवं नक्षत्रों के संबंध में दिखाई जा रही चलचित्र का आनंद लिया ।

**फास्ट न्यूज**

### राजकुमार हत्याकांड केस ट्रांसफर

गोरखपुर । गोरखपुर में चर्चित राजकुमार चौहान हत्याकांड केस गोरखनाथ पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया है। अब इस केस की जांच गोरखनाथ थाने के इंस्पेक्टर की निगरानी में होगी। पार्षद सहित अन्य आरोपियों को बचाने के पीड़िता के आरोप पर यह फैसला लिया गया है। राजकुमार की पत्नी ने चिलुआताल थाने से विवेचना ट्रांसफर करने का आग्रह किया था। वह इस मामले में चिलुआताल पुलिस पर भरोसा नहीं कर पा रही थीं।

### शराब ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश रद्द

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि शराब बेचने का लाइसेंस जारी करने के बाद आबकारी विभाग यह नहीं कह सकता कि शराब बेचना संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकार की श्रेणी में नहीं आता।

कोर्ट ने कहा कि ठेकेदार को अनिश्चित समय तक काली सूची में डालना उसकी व्यापारिक मृत्यु के समान है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने मेरठ निवासी विजय कुमार शर्मा की याचिका पर उसके अधिवक्ता रजत ऐरन व राजकुमार सिंह और सरकारी वकील को सुनने के बाद याचिका स्वीकार करते हुए की है।

### चुनाव में जीत दिलाने बंगाल पहुंचे गोरखपुर के भाजपाई

गोरखपुर । बंगाल चुनाव में भाजपा ने पूरी तैयारी की है। गोरखपुर क्षेत्र से भी करीब 20 से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ता बंगाल रवाना हो गए हैं। वहां शक्ति केंद्रों एवं मंडल स्तर पर काम कर रहे हैं। साथ ही बूथों पर भी मतदाताओं को सहेजने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

बंगाल में 2 चरणों में चुनाव होगा। 23 अप्रैल को प्रथम चरण और 29 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बस बनी आग का गोला मची चीख पुकार

### सभी 48 यात्रियों को निकाला सुरक्षित

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार को तड़के एक निजी बस में आग लग गई। इस घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। यह बस आगरा से नोएडा की ओर जा रही थी जिसमें करीब 48 यात्री सवार थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर यह घटना माइलस्टोन संख्या 64 के पास हुई, जहां बस संख्या DD01AA9317 में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कटैलिया निवासी यशपाल सिंह ने दूरभाष के माध्यम से पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थाना नौहझील पुलिस और बाजना चौकी प्रभारी बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और बस में सवार सभी यात्रियों



को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई लेकिन जब तक काफी देर हो गई और बस जलकर खाक हो गई।

पुलिस के अनुसार, इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। आग लगने के प्रारंभिक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### लैंडिंग से पहले फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश

वाराणसी । वाराणसी एयरपोर्ट पर बेंगलुरु से आ रहे इंडिगो के विमान की लैंडिंग के दौरान शनिवार रात 10:20 बजे एक यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की। केबिन क्रू ने उसे ऐसा करते देख लिया और यात्री को रोका। इसकी जानकारी विमान के कैप्टन को दी गई।

पायलट ने एहतियातन विमान को दोबारा हवा में ले जाकर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को सूचना दी। करीब 15 मिनट तक हवा में चक्कर लगाने के बाद विमान को सुरक्षित तरीके से लैंड कराया गया। लैंडिंग के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने यात्री को हिरासत में ले लिया। आरोपी मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में उसने कहा कि वह गोवा घूमने गया था। पता नहीं मैंने ऐसा क्यों किया। मेरे ऊपर भूत का साया है। उसे अंदाजा नहीं था कि एक बटन दबाने से विमान का दरवाजा खुल सकता है।

## उपजिलाधिकारी ने बच्चों के साथ खाया मिड डे मिल

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन ने कमला नेहरू कन्या

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट अभिनव जे. जैन ने नगर क्षेत्र के कमला नेहरू कन्या प्राइमरी पाठशाला के निरीक्षण के दौरान छात्रों के साथ बैठकर मिड डे मिल खाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार वितरित किए। एसडीएम के हाथों पुरस्कार पा कर बच्चे उत्साहित दिखाई दिए।

विद्यालय के आकस्मिक निरीक्षण पर आए उपजिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षा के स्तर, कम्पोजिट ग्रांट उपभोग आदि की जांच की। उन्होंने छात्रों से उनकी रुचि को लेकर प्रश्न पूछे व नन्हे-मुन्ने बच्चों की जिज्ञासा शांत की। सत्रांत पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। एसडीएम की सादगी व मिलनसार स्वभाव से विद्यालय के बच्चे भी उनसे घुल-मिल गए और काफी खुश हुए।

विद्यालय की व्यवस्थाओं से प्रभावित एसडीएम ने प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह व स्टाफ की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सविता चतुर्वेदी, रश्मि शर्मा, किरन, शुचि व दिगम्बर समेत सभी विद्यालय स्टाफ उपस्थित मिला। प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह ने बताया कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने विद्यालयी व्यवस्थाओं व कक्षा की गतिविधियों, शिक्षकों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शैक्षिक नवाचारों के विषय में जानकारी ली।

## भोगांव में फटा गैस सिलेंडर, मकान जमींदोज बड़ा हादसा होने से टला

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। चौमुहां ब्लॉक के गांव भोगांव में रविवार सुबह तड़के गैस सिलेंडर फटने से एक बड़ा हादसा हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे मकान में दरारें पड़ गईं। गनीमत यह रही कि बिजली कटौती के कारण बच्चे दूसरे कमरे की छत पर सो रहे थे, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई।

जानकारी के अनुसार, गांव भोगांव निवासी रामवती (35 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय डिगंबर मजदूरी कर अपने चार बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। रविवार सुबह करीब 5 बजे रामवती रसोई में चाय बनाने के बाद बाहर पशुओं को चारा डालने गई थीं। इसी दौरान अचानक रसोई में रखे गैस सिलेंडर में भीषण विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारें हिल गईं और रामवती का दो कमरों का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक चमत्कारिक पहलू यह रहा कि सुबह करीब 4 बजे गांव की बिजली कट गई थी। गर्मी और उमस के कारण रामवती के चारों बच्चे कमरे से निकलकर दूसरे पक्के कमरे की छत पर सोने चले गए थे। यदि बिजली न जाती और बच्चे कमरे के अंदर सो रहे होते, तो बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण दहशत में आ गए और मौके की ओर दौड़ पड़े। चारों ओर धूल का गुबार और मलबे का ढेर नजर आ रहा था। पीड़ित रामवती ने बताया कि वह बेहद गरीब है और मेहनत-मजदूरी कर अपना गुजारा करती है। इस हादसे में उसकी पूरी गृहस्थी, खाने-पीने का सामान और कपड़े मलबे में दबकर नष्ट हो गए है।

### वाराणसी अवध-अपार्टमेंट में 7वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

वाराणसी । वाराणसी में रविवार की दोपहर शिवपुर थाना क्षेत्र के अवध अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल से गिरकर 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। अपार्टमेंट के फ्लैट की बालकनी पर खड़ी महिला तीन सेकेंड में नीचे आकर गिरी, सिर के बल गिरते हुए उसे गहरी चोट लगी और महिला ने दम तोड़ दिया।

महिला के गिरते ही सबसे पहले गार्ड ने देखा और शोर मचाया। आनन फानन में जुटे लोगों ने महिला की जांच की, उसे अस्पताल ले जाना चाहा लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजन भी नीचे आए और पुलिस को घटना की सूचना दी। परिजनों ने अब तक पुलिस को महिला के गिरने की कोई ठोस जानकारी नहीं दी। बताया कि वह बालकनी पर खड़ी थी और पता नहीं कब गिर पड़ीं। शिवपुर थाना पुलिसने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, बाकी अन्य पहलुओं पर मामले में जांच कर रही है।

## ओवरलोड वाहन सीज, स्कूल वाहनों पर अगला शिकंजा

### सख्त चेकिंग से हड़कंप



तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच । वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में परिवहन विभाग ने जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान छेड़ दिया है, जिससे सड़कों पर हड़कंप मचा हुआ है। PTO अवधराम गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत हाईवे और प्रमुख मार्गों पर ताबड़तोड़ जांच की जा रही है। ओवरलोड वाहनों पर सबसे ज्यादा सख्ती बरती जा रही है। कार्रवाई के दौरान कई वाहनों को सीज किया गया है, जबकि दर्जनों चालकों के चालान काटे गए हैं। अचानक बढ़ी इस सख्ती से नियम तोड़ने वाले चालकों में अफरा-तफरी का माहौल है। परिवहन विभाग ने साफ कर दिया है कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग का फोकस सिर्फ राजस्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी है। इस दौरान स्कूल बसों और वैन की फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी। अधिकारियों ने दो टूक कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों पर कड़ी कार्रवाई तय है। इसके साथ ही डग्गामार और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर भी लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। PTO अवधराम गुप्ता ने चेतावनी दी है कि आगे भी अभियान और तेज किया जाएगा तथा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बीएसएफ जवान की हत्या, घर में घुसकर गोली मारी

मेरठ । मेरठ में BSF जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया। नैन सिंह बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। वह 6 मार्च को छुट्टी पर घर आए हुए थे। वारदात के समय वह घर पर सो रहे थे।

गोली की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। घर वालों ने पुलिस को बताया कि गांव के एक युवक से पुरानी रंजिश चल रही थी। इसे लेकर 3 दिन पहले और आज झगड़ा हुआ था।

**गजट**

पयागपुर (बहराइच)

श्री बबलू पाण्डेय पुत्र अवधेश कुमार पाण्डेय, निवासी ग्राम नारायनपुर, पोस्ट मनिकापुर कलां तहसील पयागपुर, जिला बहराइच ने अपना नाम बदलकर दीनानाथ पाण्डेय करने की घोषणा की है। यह परिवर्तन अब से प्रभावी होगा।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### अफवाहबाज देश का...

जीरो टॉलरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी का नतीजा है कि हर हफ्ता हम किसी न किसी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से जुड़ते हैं। सीएम ने कहा- मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश नोएडा नहीं गए, लेकिन विभाजनकारी राजनीति के लिए आज नोएडा पहुंच गए। जेपीएनआईसी बिल्डिंग जय प्रकाश नारायण के नाम पर बनाई। उसका डीपीआर 200 करोड़ था, लेकिन उसमें 800 करोड़ खर्च हो गया। अभी भी अधूरी है। यह सपा का विकास का मॉडल है। ये किस मुंह से विकास की बात करते हैं, इनको शर्म भी नहीं आती।

गोमती रिवर फ्रंट में 300 करोड़ का डीपीआर था, 1400 करोड़ खर्च हो गया। फिर भी अधूरा पड़ा है। यह जनता की गाढ़ी कमाई पर डकैती है। नौकरी निकलते ही वसूली पर निकल पड़ते थे। आज अमेठी की यादव बेटी का भी चयन हुआ है। लेकिन, उसका 2017 से पहले चयन नहीं हो सकता था। क्योंकि, उसके घरवाले पैसा नहीं दे सकते थे। मैंने कह रखा है कि अगर कहीं गलती हुई तो ऐसी हालत करूंगा जो नजीर बन जाएगा।

सीएम योगी के हाथों जॉइनिंग लेटर पाने वालों में प्रियंका सिंह, मनीष कुमार, लक्ष्मण राम चौधरी, मोहम्मद आलम, तनु, संध्या जोशी, देवराज गुर्जर, देवेश कुमार, जय प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र काजला, कुमारी अनामिका यादव, दीप्ति देवी, प्रतिमा कश्यप, आकांक्षा, ऋषि राज गौतम, आराध्या सिंह, प्रियंका चौधरी, विवेक कुमार गोंड, संध्या सिंह और शरिमा सिद्दीकी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन नियुक्तियों से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ बढ़ेगा। इससे मरीजों को उपचार में सहूलियत मिलेगी। सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

### लाहौल स्पीति...

राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। आज चंडीगढ़ में भी बारिश हुई है।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में शनिवार को ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी में बारिश हुई। प्रतापगढ़ में आंधी से एक पोल उखड़कर खड़ी कार पर जा गिरा।

मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है। इसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। भोपाल, उज्जैन समेत 40 जिलों में अलर्ट है।

बिहार के पटना समेत 5 जिलों में शनिवार को आंधी-बारिश हुई। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। बांदीपोरा-गुरेज सड़क को फिलहाल बंद कर दिया गया है।30-31 मार्च- मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में हल्की बारिश की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है। 31 मार्च को बंगाल, सिक्किम और बिहार में आंधी आने की संभावना है।

### महिलाओं को...

चुनावी वादा भी यही है कि सत्ता में आए तो ऐसे ही 5 साल तक पैसे खातों में जाते रहेंगे।

तमिलनाडु की DMK सरकार ने 2-2 हजार रु. स्पेशल समर पैकेज के नाम पर महिलाओं के खाते में डाल दिए। असम की भाजपा सरकार ने बिहू मनाने के लिए 4-4 हजार रुपए दे दिए।

केरल की वामपंथी सरकार भी स्त्री सुखम नकद योजना ले आई। 10 लाख महिलाओं को हर महीने 1-1 हजार रुपए मिल रहे हैं। बंगाल की तृणमूल सरकार तो फरवरी में लक्ष्मी भंडार स्कीम में 500 रु. बढ़ा चुकी है।

खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद ममता बनर्जी की तृणमूल सरकार को अगले साल 5 हजार करोड़ देने पड़ेंगे। इसी स्कीम ने 2021 के चुनाव में ममता को जीत दिलाई थी।

चारों राज्यों में सभी योजना की लाभार्थी महिलाओं की संख्या 4.1 करोड़ है, जबकि कुल वोटर 17.89 करोड़। यानी इनमें नकद स्कीमों की कुल लाभार्थी 23% हैं।

बीते 5 साल में हुए चुनावों का ट्रेंड देखें तो पता चला है कि महिलाओं को कैश ट्रांसफर देने वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है। ये राज्य 13 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 2.46 लाख करोड़ रु. तक सालाना नकद पैसा ट्रांसफर कर रहे हैं, जो इन राज्यों के कुल बजट का 0.7% है। झारखंड जैसा राज्य अपने ग्रामीण विकास के कुल बजट का 81% हिस्सा महिलाओं को कैश ट्रांसफर में दे रहा है।

### भारत आ रहे दो...

इसी बीच ईरान जंग को लेकर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मिस्र, सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। दिनभर चली इस बैठक में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को कम करने और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की गई।

अमेरिका-इजराइल के हमलों में ईरान में अब तक कम से कम 250 छात्र और शिक्षकों की मौत हो गई है। ईरान के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में 184 लोग घायल भी हुए हैं।

राजधानी तेहरान में 16 छात्र और 5 शिक्षकों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक करीब 600 शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया गया है और 200 से ज्यादा इमारतों को नुकसान पहुंचा है।

ईरान जंग को लेकर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मिस्र, सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। दिनभर चली इस बैठक में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को कम करने और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से अलग से मुलाकात की।

### जंग के चलते दुनिया ...

मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं। सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं।

### बंगाल के लिए कांग्रेस ...

एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। LDF और UDF की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं।

पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है। अगर हम सत्ता में आ गए तो इनके सारे काले कारनामों की पोल खुल जाएगी।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम के लाभपुर में शनिवार को टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की चुनावी रैली खत्म होने के मंच के एक हिस्से में आग लग गई। हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

पीएम मोदी 30 मार्च को असम और पुडुचेरी के एनडीए कार्यकर्ताओं से वर्चुअली संवाद करेंगे। यह बातचीत 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत संवाद' अभियान के तहत होगी। टीवीके चीफ विजय 30 मार्च से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।



हैदराबाद को 6 विकेट से हराया, कोहली-पडिक्कल की फिफ्टी, डफी-शेफर्ड को 3-3 विकेट

# डिफेंडिंग आईपीएल चैंपियन आरसीबी की जीत से शुरुआत



विराट कोहली ने बाउंड्री से 50 रन बनाए।

**मुकाबला**

बेंगलुरु । डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने IPL के 19वें सीजन की शुरुआत जीत के साथ की। टीम ने शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी SRH ने 201 रन बनाए। RCB ने 15.4 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

विराट कोहली ने 69, देवदत्त पडिक्कल ने 61 और रजत पाटीदार ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में जैकब डफी और रोमारियो शेफर्ड ने 3-3 विकेट लिए। SRH से कप्तान ईशान



किशन ने 80, अनिकेत वर्मा ने 43 और हेनरिक क्लासन ने 31 रन बनाए। हर्ष दुबे और जयदेव उनादकट को 1-1 विकेट मिला। डेविड पेन ने 2 विकेट लिए। रविवार को 19वें सीजन का दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। वापस आकर अच्छा लग रहा है। मैंने आखिरी टी-20 पिछले साल IPL फाइनल के रूप में ही खेला था। पिछली वनडे सीरीज में जिस तरह मैंने बैटिंग की, उससे मुझे खुद पर भरोसा है। मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत काम किया, मैच में मैं नए शॉट्स नहीं खेल रहा था। क्रिकेट से ब्रेक लेना मुझे बहुत मदद कर रहा है। मैं फ्रेश हूं और अपना 120% देने के लिए रेडी हूं। 15वें ओवर में

### ईशान बोले- हमने जल्दी विकेट गंवाए

शुरुआती 3-4 ओवर में पिच पर बॉलर्स को मदद थी, हमने वहां जल्दी विकेट गंवा दिए। दूसरी पारी में पिच बैटिंग के लिए आसान हो गई। हमें शॉट सिलेक्शन में स्मार्ट बनना पड़ेगा। विराट भाई और उनके बैटर्स ने बेहतरीन खेल दिखाया।

> 16वें ओवर में विराट कोहली ने हर्षल पटेल के खिलाफ 1 छक्का और 3 चौके लगाकर आरसीबी को जीत दिला दी। कोहली ने 38 गेंद पर 69 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। उनके सामने टिम डेविड 16 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

विराट कोहली ने 32 गेंद पर फिफ्टी पूरी कर ली। कोहली ने ओवर की दूसरी गेंद पर डेविड पेन के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी हाफ सेंचुरी कम्प्लीट की। यह उनके IPL करियर की 64वीं फिफ्टी रही। 13वें ओवर में RCB ने 2 विकेट गंवा दिए। ओवर की दूसरी गेंद पर डेविड पेन ने रजत पाटीदार को कैच कराया। उन्होंने 12 गेंद पर 31 रन बनाए। अगली ही गेंद पर पेन ने जितेश शर्मा को भी कैच करा दिया।

# शशांक सिंह का गोल, इम्पैक्टफुल पारियां टीम को चैंपियन बनाने पर पूरा फोकस

### टीम को चैंपियन बनाने पर पूरा फोकस, 31 मार्च को गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी पंजाब किंग्स

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के फिनिशर शशांक सिंह ने IPL 2026 से पहले अपने गोल को लेकर साफ कहा है कि इस सीजन उनका पूरा फोकस इम्पैक्टफुल पारियां खेलने पर रहेगा। उन्होंने बताया कि उनका मकसद ज्यादा रन बनाना या व्यक्तिगत आंकड़ों के पीछे भागना नहीं, बल्कि टीम के लिए मैच जिताने वाली भूमिका निभाना है।

जियोस्टार प्रेस रूम में दैनिक भास्कर के सवाल पर शशांक ने कहा, उनका बल्लेबाजी क्रम ऐसा है, जहां उन्हें अक्सर दबाव में क्रीज पर आना पड़ता है। ऐसे में उनकी पहली प्राथमिकता हर हाल में टीम को जीत दिलाना होती है।

पिछले सीजन को याद करते हुए उन्होंने कहा, शुरुआत में उन्हें अपने रोल को लेकर ज्यादा स्पष्टता नहीं थी, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने उन्हें फिनिशर की जिम्मेदारी दी। अब वे



अपनी भूमिका को अच्छी तरह समझते हैं। शशांक ने कहा कि 20 गेंदों में 50 रन जैसी पारियां खेलना ही उनका असली काम है और इस बार भी उनका टारगेट यही रहेगा। उन्होंने साफ किया कि व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा जरूरी टीम की जीत और खिताब है।

शशांक ने कहा, मुझे पता है कि 31 मई को हम चिन्नास्वामी में खेलेंगे और कप उठाएंगे। यह सिर्फ एक एहसास नहीं है, मुझे यह पता है यह होगा। यह खुद पर और टीम पर भरोसा है। सब एक ही पेज पर हैं। सबमें आत्मविश्वास है। हम मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे क्योंकि आखिरी मकसद ट्रॉफी जीतना है। अगर हम सोचते रहे कि हम पिछले साल फाइनल में पहुंचे थे, तो हम पर बहुत दबाव होगा। इसलिए हमारा अभी का मकसद गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले मैच, फिर चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने मैच की तैयारी करना है। IPL 2026 की शुरुआत 28 मार्च को चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले से हुई।

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ किया करार, 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था

# आर अश्विन अब अमेरिका में खेलेंगे क्रिकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्चिन अब अमेरिका की टी-20 लीग में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने आगामी मेजर लीग क्रिकेट (MLC) सीजन के लिए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स टीम से करार किया है। इसके साथ ही वह इस टूर्नामेंट में खेलने वाले पहले पूर्व भारतीय इंटरनेशनल खिलाड़ी बन गए हैं। अश्विन बोले- अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य बहुत उज्ज्वल

अमेरिका में खेलने को लेकर अश्विन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा,'हाल ही में मैंने डलास में एक एग्जीबिशन मैच खेला था। वहां एशियाई मूल के लोगों के बीच क्रिकेट को लेकर जो दीवानगी देखी, उसने मुझे हैरान कर दिया। वहां क्रिकेट की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका में रह रहे लोग और खासकर बच्चे जिस तरह से इस खेल में रुचि दिखा रहे हैं, उसे करीब से अनुभव करने के लिए मैं MLC का हिस्सा बनना चाहता था। साल 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलिंपिक खेलों में क्रिकेट की 128 साल बाद वापसी होने जा रही है। इससे पहले अमेरिका खुद को क्रिकेट के बड़े डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित कर रहा है।



### पहली बार आईपीएल के बाहर किसी विदेशी टी-20 लीग में खेलेंगे

अपने लंबे और सफल करियर में अश्विन ने भारत के बाहर किसी भी टी-20 लीग में हिस्सा नहीं लिया है। यह पहला मौका होगा जब वे IPL के अलावा किसी ग्लोबल फ्रेंचाइजी कॉम्पिटिशन में खेलेंगे। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (BBL) में सिडनी थंडर के साथ करार किया था, लेकिन घुटने की सर्जरी के कारण वे उस समय खेल नहीं पाए थे।

### 18 जून से शुरू होगा चौथा सीजन, ओकलैंड में होगा फाइनल

MLC का चौथा सीजन यानी 2026 सीजन 18 जून से शुरू होगा। यह टूर्नामेंट टेक्सास, लॉस एंजिल्स और ओकलैंड में खेला जाएगा। इसका फाइनल मुकाबला 18 जुलाई को ओकलैंड कोलिजियम में होगा। अश्विन की टीम सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स अब तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। साल 2024 में वे फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन वॉशिंगटन फ्रीडम से हार गए थे।



अश्विन ने साल 2024 के दिसंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### दिसंबर 2024 में लिया था इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

अश्विन ने साल 2024 के अंत में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद 2025 के IPL में वे CSK की तरफ से खेलते नजर आए थे, हालांकि वह सीजन उनके लिए बहुत खास नहीं रहा था। IPL खत्म होने के बाद उन्होंने इस लीग से भी संन्यास का ऐलान कर दिया था। अब संन्यास के बाद वे ग्लोबल लीग्स का रुख कर रहे हैं।

## मनोरंजन

बोले- 500 करोड़ ल्यारी वालों को दे दो, पैसों से इलाके की सड़कें बनेंगी

# धुरंधर 2 की कमाई में मांगा पाकिस्तानियों ने हिस्सा



नई दिल्ली, एजेंसी

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की कमाई को लेकर पाकिस्तान के ल्यारी इलाके के कुछ लोगों ने हिस्सा मांगा है। यह मांग एक वायरल वीडियो में सामने आई, जहां स्थानीय लोगों ने फिल्म की कमाई से अपने इलाके के विकास और सड़कों के निर्माण की बात कही। फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने 10 दिनों में 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। इससे पहले भी फिल्म के पहले पार्ट ने 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी।

### लोगों ने 500 करोड़ रुपए देने की भी मांग की

'कंपैरिजन टीवी' नाम के एक यूट्यूब चैनल द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कुछ स्थानीय लोग फिल्म की सक्सेस पर रिएक्शन देते नजर आए। एक व्यक्ति ने कहा कि अगर फिल्म ने हजारों करोड़ कमाए हैं, तो उसका बड़ा हिस्सा ल्यारी के विकास में लगाया जाना चाहिए।

**वीडियो में कुछ लोगों ने 500 करोड़ रुपए या कुछ लोगों ने कुल कमाई का 70-80% हिस्सा देने की मांग रखी। उनका कहना था कि इलाके की सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति खराब है, और फिल्म से हुई कमाई का उपयोग सुधार के लिए होना चाहिए।**




# 53 साल बाद आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

नई दिल्ली, एजेंसी

टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला।

शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी (Aruna Irani) और फरीदा जलाल (Farida Jalal) को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था।

स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये



पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया ।

ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है।

फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था। उन्होंने इस फिल्म में ऋषि कपूर के साथ एक बोल्ड सीन करने के लिए राज कपूर के कहने पर सहमति दी थी, जो उस समय के लिए काफी चर्चा का विषय रहा था।

अनुष्का शर्मा करने लगीं ब्लश, देखती रह गईं आरसीबी की नई मालकिन

# भरी महफिल में विराट कोहली का रोमांस

**आईपीएल मैच देखने भारत लौटीं अनुष्का शर्मा**

**विराट और अनुष्का के रोमांस ने लूटी महफिल**

**कपल से नहीं हटी अनन्या बिरला की नजरें**

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बीच बैंगलोर के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल का पहला IPL मैच हुआ और जीत RCB के नाम रही। आरसीबी ने 6 विकेट से SRH को हराया। विराट कोहली ने टीम की जीत के बाद बीवी पर प्यार लुटाकर जश्न मनाया। अनुष्का शर्मा अपने पति विराट कोहली का मनोबल बढ़ाने के लिए लंदन से लौटीं और स्टेडियम में आरसीबी का मैच देखा। इस दौरान कपल का रोमांस छा गया। सोशल मीडिया पर दोनों की केमिस्ट्री के चर्चे हो रहे हैं।

दरअसल, हुआ यूं कि जैसे ही RCB ने जीत हासिल की, वैसे ही पहले विराट कोहली ने स्टेडियम पर मौजूद लोगों से मिले और फिर स्टैंड्स की ओर मुड़कर अपनी लेडी लव को फ्लाइंग किस दी। विराट का यूं प्यार लुटाता देख अनुष्का ब्लश करने लगीं। उन्होंने भी अपने पति को फ्लाइंग किस दी और शरमाने लगीं।



### अनुष्का शर्मा की अपकमिंग फिल्म

अनुष्का शर्मा पिछले 8 सालों से बड़े पर्दे से गायब हैं। आखिरी बार उन्हें जीरो में देखा गया था। उन्होंने ओटीटी फिल्म कला में भी कैमियो किया था। वह झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकड़ा एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं लेकिन इसकी रिलीज को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हाल ही में ऐसी चर्चा थी कि अनुष्का अल्लू अर्जुन की फिल्म से कमबैक कर सकती हैं।

### सेट पर अक्षय खन्ना से डरते थे लोग

नई दिल्ली। बैंकिंग का जॉब छोड़कर फिल्मों में आए रजत अरोड़ा (Rajat Arora) ने कबीर सिंह सहित कई फिल्मों में काम किया। इन दिनों वह आदित्य धर निर्देशित धुरंधर 2 (Dhurandhar 2) में नजर आ रहे हैं। धुरंधर 1 और धुरंधर 2 में रजत अरोड़ा ने मुक्का का किरदार निभाया है। रजत अरोड़ा ने हमसे एक्सक्लूसिव बातचीत में धुरंधर, आदित्य धर और अपने करियर के बारे में दिलचस्प बातें की हैं।

रजत अरोड़ा ने कहा, ?हमें नहीं पता था कि इतनी सफल होगी लेकिन यह था कि सफलता तो जरूर मिलेगी। जब हमारा ऑडिशन हुआ था, तब हमें यह बताया गया था कि इसे आदित्य धर सर डायरेक्टर करने वाले हैं। हमें मूवी का नाम भी नहीं पता था क्योंकि उस वक्त नाम नहीं रखा गया था। रजत अरोड़ा ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि फिल्म को आदित्य धर डायरेक्टर करने वाले हैं तो उम्मीद हो गई थी कि फिल्म सफल रहेगी क्योंकि उन्होंने उरी जैसी हिट फिल्म बनाई थी।

थ्रिल से भरपूर विजय वर्मा की नई वेब सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान

# ओटीटी पर 'मटका किंग' मचाने आ रहा तहलका

नई दिल्ली, एजेंसी

गुस्ताख इश्क से रोमांस का तड़का लगाने के बाद अब विजय वर्मा एक सीरियस टॉपिक पर वेब सीरीज कर रहे हैं। अभिनेता के जन्मदिन पर नई वेब सीरीज का ऐलान हुआ है।

विजय वर्मा की नई वेब सीरीज मटका किंग (Matka King) है। नागराज पोपटराव मंजुले डायरेक्ट की गई इस सीरीज में कॉटन ट्रेडर की कहानी दिखाई जाएगी। यह सीरीज महत्वाकांक्षा और ताकत के इर्द-गिर्द घूमेगी।

मटका किंग की अनाउंसमेंट 29 मार्च को हुई। आज ही अभिनेता का जन्मदिन है और सीरीज से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है।



पोस्टर से ही साफ पता चलता है कि विजय वर्मा मुंबई में मटका किंग बनकर राज करने वाले हैं।

मटका किंग की कहानी की बात करें तो यह ब्रिज भट्टी के इर्द-गिर्द घूमती है जिसका किरदार विजय वर्मा ने निभाया है। वह 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे में अपनी पहचान और इज्जत बनाने की कोशिश में जुटा एक तेज दिमाग और मेहनती कॉटन ट्रेडर है। भीड़भाड़ वाले बाजारों, चॉलों और बदलती पावर डायनेमिक्स के बीच सेट यह कहानी एक महत्वाकांक्षी आइडिया से शुरू होती है, जो धीरे-धीरे अपनी एक अलग पहचान बना लेता है और समाज के हर तबके के लोगों को अपनी ओर खींचने लगता है। इससे पहले विजय वर्मा रोमांटिक ड्रामा गुस्ताख इश्क में नजर आए थे जो बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की तरफ से काफी सराहा गया था।

**विजय वर्मा की नई सीरीज का ऐलान**

**मटका किंग बनकर ओटीटी पर आएंगे विजय**

**कृतिका कामरा भी स्टार कास्ट में शामिल**

### मटका किंग की स्टार कास्ट

मटका किंग में विजय वर्मा के अलावा कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जादावत और गुलशन ग्रोवर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा विनीत कुमार सिंह, भरत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस साहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगड़े, इश्तियाक खान, संजीव जोटांगिया और सिमरन अश्विनी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। प्राइम वीडियो की ओरिजिनल सीरीज मटका किंग 17 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

